भोपाल
शुक्रवार, 15 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -13
वर्ष : 13, अंक : 43
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 42
न्यून. 29

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतराष्ट्रीय परिवार दिवस आज








**पाठक सूचना**
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।












## होर्मुज के पास हुए हमले में भारतीय जहाज समंदर में डूबा, सभी 14 क्रू मेंबर सुरक्षित

### ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला

एलपीजी लेकर आ रहे हाजी अली नाम के जहाज को निशाना बनाने पर भारत ने साफ कहा- इस तरह के हमले बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनातनी के बीच होर्मुज स्ट्रेट से सटे ओमान तट पर गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। हाजी अली नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, इसी दौरान उसपर ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार से हमला किया गया, हमले के बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि, ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स ▶▶ शेष पेज 6 पर



हाजी अली जहाज में आग की तस्वीरें आईं

### कुछ टकराने की आवाज आई और धमाका हुआ

यह जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हुआ। जहाज में सवार क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई। हालात बिगड़ने पर सभी 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट की मदद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पहले भी भारतीय जहाज पर हुई थी फायरिंग

गौरतलब है कि इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-1भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था।

### एक अन्य भारतीय जहाज पर कर लिया कब्जा

ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (यूकेएमटीओ) ने होर्मुज स्ट्रेट के पास एक जहाज को कब्जाए जाने की सूचना दी है। जहाज लंगर डाले खड़ा था जिसे कब्जा लिया गया है। यूकेएमटीओ ने गुरुवार को बताया कि उसे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह बंदरगाह से 38 नॉटिकल मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। खबरों के मुताबिक, लंगर डाले खड़े एक जहाज पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया और अब उसे ईरानी समंदर की ओर ले जाया गया। जहाज के नाम को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### अनुशासनहीनता पर भाजपा की सख्त कार्रवाई: पीएम मोदी की 'ईंधन बचत' अपील की अनदेखी पड़ी भारी

## 100 गाड़ियों का काफिला लेकर निकले जिला अध्यक्ष, संगठन ने दिखाया बाहर का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की अपील के बावजूद निकाली गई वाहन रैली को संगठन ने अनुशासनहीनता माना। मामले की जानकारी सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सज्जन सिंह यादव को किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। संगठन का मानना है कि पार्टी की कार्यशैली और शीर्ष नेतृत्व के संदेश के विपरीत इस तरह की वाहन रैलियां गलत संदेश देती हैं ▶▶ शेष पेज 6 पर


सज्जन सिंह यादव

पीएम और सीएम की पेट्रोल बचाओ अपील के बाद देश में पहली कार्रवाई


सज्जन सिंह का काफिला

### अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की जाएगी

जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि मंगलवार के बाद जहां-जहां से ऐसे मामले सामने आए हैं, वहां की जानकारी लेकर जिम्मेदारों से चर्चा की जा रही है। अभी भिंड का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में भिंड के जिला अध्यक्ष को दायित्व मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां भी इस तरह की अनुशासनहीनता सामने आएगी, उनके खिलाफ सख्त निर्णय लिए जाएंगे।

### पार्टी ने किया था जवाब तलब

मामला सामने आने के बाद भाजपा संगठन ने सज्जन सिंह यादव से चर्चा की। उनसे जवाब तलब किया तो सज्जन सिंह यादव ने पार्टी नेतृत्व को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी कार्यकर्ता या समर्थक को वाहन लेकर आने के लिए नहीं कहा था। लोग स्वेच्छा से काफिले में शामिल हुए थे और यह पार्टी के प्रति उनका उत्साह व प्रेम था। उनका कहना था कि उन्होंने किसी को काफिले के लिए आमंत्रित नहीं किया था। लोग स्वयं शामिल हुए थे।

मप्र पाठ्यपुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष को भी शक्ति प्रदर्शन पड़ा भारी

### नोटिस जारी, सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार निरस्त


मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह को अपना पदभार ग्रहण करने के दौरान शक्ति प्रदर्शन करना बेहद महंगा पड़ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए सौभाग्य सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, मामले के अंतिम निराकरण तक उनके सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। दरअसल, पदभार ग्रहण करने के लिए सौभाग्य सिंह लगभग 200 गाड़ियों के काफिले के साथ निकले थे। सोशल मीडिया और मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए यह मामला मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में आया। शासन ने इसे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन और गंभीर अनुशासनहीनता माना है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया कि इस तरह की विशाल रैली न केवल राष्ट्रीय संसाधनों का अपव्यय है, बल्कि यह ▶▶ शेष पेज 6 पर


सौभाग्य सिंह

### देवास की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

## हादसे में 5 लोगों की मौत 25 अन्य घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर गिरे


घायलों को अस्पताल ले जाते हुए


इंदौर में घायलों से अस्पताल में मिले सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर से 20 किमी दूर एबी रोड स्थित टोंककलां ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ, धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दीं। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गईं। इसमें तीन मौके पर तो दो अस्पताल में जान गईं। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चौईथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया। मृतकों में ▶▶ शेष पेज 6 पर

फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय हिरासत में, रासुका की कार्रवाई की गई

### सीएम ने जताया दुख, आर्थिक मदद का किया ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। घायलों का निःशुल्क इलाज करने के लिए निर्देश दिए हैं। सीएम दिल्ली से सीधे इंदौर पहुंचे। वहां चोइथराम ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### वीडी सतीशन होंगे केरलम के नए सीएम

**नई दिल्ली।** केरलम में वीडी सतीशन राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम की घोषणा की है। सतीशन सोमवार को शपथ ग्रहण करेंगे। केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 दिन पहले 4 मई को घोषित हुए थे। तब से कांग्रेस पार्टी में सीएम के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं।



### स्वर्ण कांता शुरू करेंगी अवमानना की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल सहित दो अन्य की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ मानहानिकारक आरोपों लगाने वाले प्रतिवादियों के खिलाफ अदालत ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। जस्टिस ने कहा कि इस पर चुप नहीं बैठ सकते।



### शिवराज ने पीएम मोदी पर लिखी किताब 'अपनापन'

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के अनुभवों पर आधारित पुस्तक 'अपनापन' की घोषणा की है। इस किताब में उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली, संगठन क्षमता और राष्ट्रसेवा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।




अमूल और मदर डेयरी ने बढ़ाए थे दाम

### आज से मप्र में सांची दूध भी दो रुपए तक महंगा



■ शहर में रोजाना करीब साढ़े 7.5 लाख लीटर सांची दूध की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमूल और मदर डेयरी के बाद अब सांची दुग्ध संघ ने भी दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। नई दरें शुक्रवार 15 मई से लागू होंगी। फुल क्रीम गोल्ड दूध पहले 67 रुपए लीटर थे। अब ▶▶ शेष पेज 6 पर

मंडप की रस्म के दिन दुल्हन की मौत

### मिलावटी हल्दी लगाने से सूजा चेहरा, उठी 'अर्थी'


■ परिजनों ने हल्दी का 10 रुपए का पैकेट खरीदा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के कसरावद क्षेत्र में हल्दी की रस्म के बाद गंभीर एलर्जी होने से 22 वर्षीय दुल्हन राखी की मौत हो गई। बाजार से खरीदी गई खुली हल्दी लगाने से युवती का चेहरा सूज गया और गले में तेज ▶▶ शेष पेज 6 पर

खंडवा, खरगौन, रतलाम व नौगांव में लू चली

### प्रदेश के 9 जिलों में 44 से 45 डिग्री पर पारा


■ भोपाल में पारा बढ़कर 43.4 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी गर्मी का पारा बढ़ रहा है। गुरुवार को खंडवा, खरगौन, रतलाम और नौगांव में लू का असर रहा। कुल 9 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री तक रहने से प्रदेश में ▶▶ शेष पेज 6 पर

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष पर दागे कई सवाल, पूछा-फंडिंग कौन कर रहा है?

## 54 विदेशी दौरों पर 60 करोड़ खर्च किए इतनी भारी-भरकम रकम कहां से आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर कई दावे किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 सालों से निर्वाचित पद पर हैं और इस दौरान उन्होंने कई विदेश यात्राएं की ▶▶ शेष पेज 6 पर


संबित पात्रा


राहुल गांधी

### राहुल की ज्यादातर विदेश यात्राएं ऑन रिकॉर्ड

भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी की ज्यादातर विदेश यात्राएं ऑन रिकॉर्ड हैं। इनमें प्रेस ट्रिप, संसद से जुड़े रिकॉर्ड और फोटो भी मौजूद हैं। लेकिन इन यात्राओं की फंडिंग ▶▶ शेष पेज 6 पर

नीट पेपर लीक केस: महाराष्ट्र और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई

## पुणे का डॉक्टर हिरासत में राजस्थान में 15 गिरफ्तार

पेपर सबसे पहले नासिक निवासी और आयुर्वेद के छात्र शुभम खैरनार को बेचा गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 की परीक्षा को पेपर लीक के गंभीर आरोपों के बाद मंगलवार को रद्द कर दिया गया। इस


जयपुर में आरोपी

पेपर लीक का केंद्र महाराष्ट्र का पुणे बताया जा रहा है, जहां से इसके तार कई अन्य राज्यों तक फैले होने की आशंका है। जांच के अनुसार, पेपर सबसे पहले नासिक निवासी और आयुर्वेद के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रधानमंत्री मोदी के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग के आह्वान पर किया अमल

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सकारात्मक पहल दिल्ली मेट्रो में किया सफर, यात्रियों से की बातचीत

सीएम का संदेश कि यदि जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं, तो सभी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को दिल्ली प्रवास के दौरान मेट्रो ट्रेन से सफर कर मितव्ययता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, प्रदूषण और वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत भविष्य के लिए ईंधन की बचत और वर्तमान में की जा रही खपत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मेट्रो के अधिक ▶▶ शेष पेज 6 पर



### प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी उपयोगी है मेट्रो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो सफर के संदर्भ में कहा कि मेट्रो जैसे आधुनिक परिवहन साधन समय की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मप्र के नक्सल उन्मूलन व कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। सीएम डॉ. यादव ने विशेष रूप से डिंडोरी और बालाघाट क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास एवं शांति प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक में नए ▶▶ शेष पेज 6 पर



## पति की लंबी आयु की कामना के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

# शनि जयंती और वट सावित्री व्रत कल, लोक कल्याण के लिए शनि महायज्ञ हुआ शुरू, भरणी व कृतिका नक्षत्र से शुभकारी बना संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या तिथि 16 मई को सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना से वट सावित्री व्रत करेंगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन भरणी व कृतिका नक्षत्र के शुभ संयोग के साथ सौभाग्य योग भी रहेगा। शनिवार को अमावस्या होने से इस दिन शनिचरी अमावस्या होने से इस



प्रतीकात्मक चित्र।

दिन शनिचरी अमावस्या पुण्यकारी संयोग भी बन रहा है। इस दिन शनि जयंती भी मनेगी।

वट सावित्री का व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्यवर्धक, पापहारक, दुखनाशक और धन धान्य देने वाला है। मान्यता है कि वट वृक्ष में बहुत शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं, जिन्हें देवी सावित्री का रूप में माना गया है। इसमें ब्रह्मा, शिव, विष्णु और सावित्री भी विराजमान रहती हैं।

### गुरुवेश्वर महादेव के रूप में सजे बाबा बटेश्वर

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा गुरु प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का गुरुवेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार किया गया। समिति के संजाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में केसर, अष्टगंध, पंचामृत एवं आमरस से बनी विजया से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर गेंदे के पीले, भगवा, गुलाब, मोगरा आदि फूलों से श्रृंगार कर पीले फल व मिठाई का भोग लगाया गया। रात्रि 10 बजे महाआरती हुई इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अन्नु सोनी, मोनू राठौर, केशव फुलवानी, प्रकाश मालवीय सहित अनेक भक्त उपस्थित थे।

### नेहरू नगर में अखंड शनि महायज्ञ का आयोजन

नेहरू नगर स्थित नवग्रह मंदिर में नौ दिवसीय अखंड शनि महायज्ञ हो रहा है। मंदिर के संस्थापक पुजारी पंडित गजेंद्र शास्त्री ने बताया कि यह शनि महायज्ञ शनि जयंती महोत्सव उपलक्ष में लोक कल्याण की कामना के लिए आयोजित किया जा रहा है। यज्ञ के चलते 51 भागवत पुराण प्रतिष्ठा के साथ 9 मई से भागवत कथा व 11 मई से रात्रि कालीन बेला में श्रीराम कथा जैसे धार्मिक आयोजन शुरू हो गए है। पूर्णाहूति विशाल भंडारे का आयोजन 16 मई को रहेगा।



## खबर संक्षेप

### 90% से अधिक अंक वाले छात्र होंगे सम्मानित

**भोपाल।** कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम एमपी बोर्ड और सीबीएसई में 90% से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित करेगा। कायस्थम ने उन सभी चित्रांश छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है, जिन्होंने बेहतर रिजल्ट लाकर कायस्थ समाज को गौरवान्वित किया है। प्रदेश के ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है, जिसे सीबीएसई 12 वीं के हाल में घोषित परिणाम के बाद 18 मई तक अंतिम रूप दिया जाएगा। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने नाम, प्रतिशत, मार्कशीट, फोटो, स्कूल, शहर और मोबाइल नंबर कायस्थम के विशेष नंबर पर नोट करवा सकते हैं। कायस्थम लिंक को ओपन कर भरकर 18 मई तक ऑनलाइन भेजा जा सकता है। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार पूर्व में सम्मान योग्य विद्यार्थियों के प्राप्तांक का प्रतिशत 95% था, जिसके लिए सीबीएसई 10 वीं बोर्ड के लगभग 30 मेधावी विद्यार्थियों ने अपना विवरण भेजा था। एमपी बोर्ड से 10,12 वीं की प्रविष्टि प्राप्त न होने पर प्रतिशत को कम कर 90% किया गया है।

### डीआरएम से लेकर जीएम तक दे चुके इस मामले में सख्त दिशा-निर्देश

# आरकेएमपी स्टेशन पर एस्केलेटर फिर बंद कड़े निर्देशों के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेएमपी स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए, एस्केलेटर अधिकतर समय बंद रहते हैं। इनके बंद होने से गर्मी के सीजन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। यहां पर पिछले एक साल में कई बार एस्केलेटर व लिफ्ट बंद होने के मामले सामने आ चुके है। इसको लेकर डीआरएम से लेकर जीएम स्तर के अधिकारी व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दे चुके है। लेकिन सुधार नहीं देखने को मिल रहा है। यात्रियों द्वारा रेल मंत्रालय तक शिकायत की गई। पिछले दिनों पमरे जोन के जीएम दिलीप कुमार सिंह ने निरीक्षण कर बंसल ग्रुप के एजीएम मोहित समैया को बेहतर से बेहतर यात्री सुविधा उलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन अभी चार दिन बाद ही यात्रियों को इस परेशानी से दो-चार होना पड़ा।

**रेल मंत्रालय को भी कर चुके शिकायत**

राजधानी का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, जिसे देश के पहले विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल स्टेशन के रूप में प्रचारित किया गया, आज अपनी ही चमक खोता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार इस स्टेशन की बनावट और डिजिटल सुविधाएं पहली बार आने वाले यात्रियों को भले ही आकर्षित करती हों, लेकिन यहां नियमित सफर करने वाले यात्रियों के लिए जमीनी हकीकत काफी दर्दनाक है। अत्याधुनिक डिजाइन और डिजिटल ढांचे के दावों के बीच स्टेशन का प्रबंधन मूलभूत सुविधाओं को सुचारू रखने में नाकाम साबित हो रहा है। पिछले चार माह में करीब आधा दर्जन बार एस्केलेटर व लिफ्ट बंद होने शिकायत यात्रियों द्वारा की गई है।



फाइल फोटो।

### गर्मी में भारी-भरकम सामान के साथ साढ़ियों से चढ़ने को मजबूर

स्टेशन पर आवाजाही करने वाले हजारों यात्रियों की सबसे बड़ी शिकायत यहां लगे एस्केलेटर और डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन को लेकर है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर अक्सर एस्केलेटर बंद रहते हैं, खासतौर पर गर्मी में बंद होने से भारी-भरकम सामान लेकर सीढ़ियों से चढ़ने-उतरने को मजबूर होना पड़ता है। इसके चलते उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। अक्सर देखा जाता है कि महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लिए, एक हाथ में भारी सामान और दूसरे हाथ से बच्चे को संभालते हुए सीढ़ियां चढ़ती हैं। बुजुर्गों के लिए बंद एस्केलेटर किसी बड़ी बाधा से कम नहीं है। यात्रियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रबंधन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही इन समस्याओं का कोई स्थायी समाधान निकाला जा रहा है।

### चालू कर दिया गया

एस्केलेटर पांच मिनट के लिए बंद हुआ था। इसके बाद चालू कर दिया गया था। कई बार असामाजिक तत्व भी छेड़छाड़ कर देते हैं।
**मोहित समैया, एजीएम बंसल ग्रुप**

### सीएम को लिखा पत्रः वन माफिया पर करें कार्रवाई

**भोपाल।** वन माफिया के हौंसले इतने बुलंद हो गए है, उन्हें ना तो वन कर्मियों, प्रशासन और ना ही पुलिस का का खौफ है। उमरिया वन मंडल में वन माफिया द्वारा वन कर्मचारियों के ऊपर किए गए जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार करना तो दूर वन माफिया पर रासुका की कार्यवाही भी नहीं की है। वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर वन कर्मियों पर प्राण घातक हमला करने वाले वन माफिया को तत्काल गिरफ्तार कर रासुका की कार्यवाही करने की मांग की। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि मुरैना, सीधी, शहडोल, विदिशा, उमरिया आदि में लगातार वन माफिया द्वारा वन कर्मचारियों पर हमला किया जा रहा है। मुरैना में तो वन कर्मचारी हरिकेश गुर्जर को वन माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर मार दिया गया। वहीं विदिशा और सागर में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला किया गया। पाण्डेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद भी वन विभाग वन माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। वन कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में वन माफिया पर सख्त कार्यवाही कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रदेश भर के वन कर्मचारी आंदोलन कर वन मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

### एम्स में इम्यूनोहीमैटोलॉजी पर कार्यशाला

# ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा एम्स



कार्यशाला का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक विभाग द्वारा 'इम्यूनोहीमैटोलॉजी' विषय पर सीएमई-सह-कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षित रक्त चढ़ाने और जटिल रक्त जांच तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए एम्स के कार्यपालक निर्देशक डॉ. माधवानंद कर ने कहा कि सुरक्षित रक्ताधान मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा एम्स भोपाल को ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। देश और विदेश के विशेषज्ञों ने रक्त मिलान, एंटीबॉडी जांच, कूम्ब्स परीक्षण तथा आधुनिक मशीनों से होने वाली जांच प्रक्रियाओं पर जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें चिकित्सक, संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, स्नातकोत्तर विद्यार्थी और तकनीकी कर्मचारी शामिल रहे। डॉ. विकास गुप्ता चिकित्सा अधीक्षक एम्स ने ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक विभाग को मध्य प्रदेश के पहले एबीओ-असंगत किडनी प्रत्यारोपण में सफल सहयोग के लिए बधाई दी। कार्यशाला में एसजीपीजीआई लखनऊ, अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज फरीदाबाद तथा ग्रिफोल्स, बार्सिलोना (स्पेन) के विशेषज्ञ शामिल रहे।

### मसूद ने की शांति बनाए रखने की अपील

# भड़काऊ संदेश के प्रभाव में न आएं, कानून को काम करने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मुस्लिम समाज के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक के मामले को लेकर विरोध और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया पर मामले को लेकर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, वहीं कुछ संगठनों द्वारा आंदोलन की चर्चा भी की जा रही है। इस बीच आरिफ मसूद ने शहरवासियों और अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। आरिफ मसूद ने कहा कि किसी भी धर्म या समाज के खिलाफ गलत टिप्पणी करना उचित नहीं है और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी इंसाफ नहीं होता, वहां आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन भोपाल की शांति और सौहार्द बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल भोपाल में किसी प्रकार का आंदोलन, प्रदर्शन या भोपाल चलो कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह या भड़काऊ संदेश के प्रभाव में न आएं और कानून को अपना काम करने दें। मसूद ने बताया कि शहर काजी की मौजूदगी में मामले को लेकर चर्चा हुई है और आपसी संवाद के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया गया है।

### पुलिस कंट्रोल रूम में हुआ कार्यक्रम

# यौन अपराधों से संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालकों का यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम विषय पर पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में एक जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के जागरूकता अभियान सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य अंतर्गत जागृति योजना 2025 के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल के विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों, थानों से पुलिस अधिकारी, पैरा लीगल वालिंटियर, भोपाल के विभिन्न पुलिस थानों के प्रतिनिधि, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रतिनिधि, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित क्षात्रावास, शिक्षा विभाग के आरबीसी तथा महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित गृहों के प्रभारियों, गैर शासकीय संघटनों के प्रतिनिधि, पैनल लॉयर्स एवं पीएलवी लगभग कुल 100 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस विभाग के डीसीपी श्रृद्धा तिवारी, विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राधिकरण सचिव/न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल, एडीसीपी मंजुलता खत्री, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. धनीराम पवार के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

# द्वारका नगर बावड़ी की मंत्री सारंग ने की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नरेला विधानसभा के द्वारका नगर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई कर स्वच्छता मित्रों को किट वितरित कर सम्मान किया। सारंग ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रदेशभर में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्त्रोतों जैसे बावड़ी, कुएं, तालाब एवं सरोवर हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जिन्हें संरक्षित करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मंत्री सारंग ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाते हुए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएं।



मंत्री सारंग ने दिया सफाई का संदेश।

### सैटेलाइट पेलोड्स में किया जाएगा संयुक्त रूप से विकसित तकनीकों का उपयोग

# सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और एलटीसीसी विकास के लिए निटर और एसएसी-इसरो अहमदाबाद के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) और स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी), इसरो अहमदाबाद ने गुरुवार को सेमीकंडक्टर तकनीकों, ओएसएटी और एलटीसीसी (लो टेम्परेचर को-फॉयर्ड सिरैमिक्स) में सहयोग को मजबूत करने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर प्रो. सीसी त्रिपाठी, निदेशक, निटर भोपाल और सोम्या एस. सरकार, निदेशक, एसएसी इसरो अहमदाबाद ने वरिष्ठ शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों की उपस्थिति में किए। इस एमओयू का उद्देश्य एलटीसीसी सुविधाओं का विकास, हाई-फ्रीक्वेंसी और हाई-पावर सेमीकंडक्टर तकनीकों का अनुसंधान एवं विकास तथा सेमीकंडक्टर पैकेजिंग समाधान प्रदान करना है।




निटर और एसएसी के बीच हुआ एमओयू।

### एमसीएम निर्माण केंद्र स्थापित होगा

इस एमओयू के तहत निटर में संयुक्त एलटीसीसी मल्टी-चिप-मॉड्यूल (एमसीएम) निर्माण केंद्र स्थापित किया जाएगा। ओएसएटी, एटीएमपी प्रक्रियाओं में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही शिक्षक एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। संयुक्त रूप से विकसित तकनीकों का उपयोग सैटेलाइट पेलोड्स में किया जाएगा।




उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव



# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है,



इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# अब से बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी अनिवार्य होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में हुआ निर्णय

### बगैर कैबिनेट की मंजूरी के समझौते मान्य नहीं होंगे, ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध

मप्र में अब से बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी अनिवार्य होगी। बगैर कैबिनेट की मंजूरी के समझौते मान्य नहीं होंगे। मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (पीएमसीएल) ने पिछले दिनों अपनी बोर्ड बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह निर्धारित किया है कि भविष्य में जो भी नई दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते (एमओयू) और बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) किए जाएंगे, उन्हें केवल राज्य सरकार की कैबिनेट की पूर्व मंजूरी के बाद ही लागू किया जा सकेगा।

यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। ऊर्जा विभाग और राज्य सरकार पहले से मौजूद लगभग 1,795 छोटे बड़े एवं लघु तथा दीर्घ अवधि के बिजली खरीद समझौतों और 26,012 मेगावाट की क्षमता से के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में निर्बाध विद्युत सप्लाई कर रही है। मप्र एक एनर्जी सरप्लस राज्य के रूप में कार्य कर रहा है।


फाइल फोटो

मप्र का ऊर्जा क्षेत्र वर्तमान में अत्यंत मजबूत है। राज्य की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है। सौर, पवन, थर्मल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से राज्य की बिजली की जरूरतें पूरी हो रही हैं। यह निर्णय राज्य की बिजली आपूर्ति को स्थिर रखने और भविष्य के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मप्र सरकार का यह कदम राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर शासन को बढ़ावा देगा। इससे सभी नई बिजली खरीद योजनाएं अधिक सुविधारित और राज्य की ऊर्जा नीति के अनुरूप होंगी।

### गहन विचार-विमर्श के बाद लिया गया निर्णयः अपर मुख्य सचिव मंडलोई

अपर मुख्य सचिव (एसीएस) नीरज मंडलोई ने बताया कि बोर्ड ने गहन विचार-विमर्श के बाद, वर्तमान ऊर्जा की उपलब्धता और राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की वर्तमान एवं भविष्य की व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड का यह प्रस्ताव विभाग के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के समक्ष रखा जाएगा। उसके बाद मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुमति प्राप्त करने के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद ही यह नीति लागू होगी।

### दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं, वर्षों करते हैं प्रभावित

इस नीति में बदलाव का प्रमुख कारण यह है कि दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं हैं, जो वर्षों तक सरकार को प्रभावित करती है। इसलिए आवश्यक है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समझौते राज्य के हित में ही और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करें। एक अन्य कारण यह भी है कि वर्तमान में नई तकनीकों के कारण बायोमास, सोलर बैटरी स्टोरेज, पंप हाइड्रो स्टोरेज, न्यूक्लियर एनर्जी जैसी कई नई तकनीकों से उत्पादित होने वाली ऊर्जा के अनुबंधों के प्रस्ताव आ रहे हैं। इन बारे में राज्य शासन और वित्त विभाग का परामर्श की आवश्यकता महसूस हो रही है।

---

## सभी विभाग प्रशासन के समन्वय से जरूरत पड़ने पर एसओपी का पालन सुनिश्चित करें: सीएस

# बाढ़ राहत व बचाव के लिए विभागों की तय की जिम्मेदारियां, 30 तक व्यवस्थाएं भी होंगी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राज्य स्तरीय समिति की बैठक में बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी निर्देश दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर सभी विभाग उन्हें दी गई जिम्मेदारियों के अनुरूप कलेक्टर के समन्वय में बाढ़ राहत और बचाव संबंधी कार्य करेंगे। उन्होंने विभाग प्रमुखों से कहा कि वे निर्धारित एसओपी के अनुसार 30 मई तक सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें।

मुख्य सचिव जैन गुरुवार को मंत्रालय में वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव संबंधी आवश्यक प्रबंधों की राज्य स्तरीय बैठक में समीक्षा कर रहे थे। गृह विभाग इस कार्य के लिए नोडल होगा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित सहित अन्य विभाग प्रमुख वीडियो कॉफ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए। सेना के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में राहत आयुक्त विवेक पोरवाल ने विगत वर्षों की बाढ़ और बारिश की स्थिति तथा विभागों को सौंपे गए कार्यों की जानकारी का प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव जैन ने अगले 15 दिनों में सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### मुख्य सचिव जैन ने की बैठक में बाढ़ से बचाव संबंधी पूर्व तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा


बैठक में सीएस जैन अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### सभी कलेक्टर को चेक-लिस्ट अनुसार तैयारी करने के निर्देश

राजस्व विभाग को सभी कलेक्टर को चेक-लिस्ट अनुसार तैयारी, आपदा की स्थिति में क्षति आकलन और समय पर राहत वितरण सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थाई शिविरों के लिए भवन चयन, जर्जर भवनों के चिन्हांकन की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को पुलों पर बेरियर, जर्जर भवनों की मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य सौंपा गया है। परिवहन विभाग को बसों की फिटनेस जांच, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण और बाढ़ में सुरक्षित यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व मिला है। नगरीय विकास विभाग को नालों की सफाई, निचली बस्तियों को खाली कराने और जर्जर भवनों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विभाग खाद्यान्न और आवश्यक राहत सामग्री का भंडारण करें

खाद्य विभाग को खाद्यान्न और आवश्यक राहत सामग्री का भंडारण, मूल्य निर्धारण और वितरण की व्यवस्था करना होगी। ऊर्जा विभाग को राहत स्थलों पर विद्युत आपूर्ति, वैकल्पिक व्यवस्था, फील्ड टीम गठन और पब्लिक सूचना की जिम्मेदारी दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, परामर्शदाताओं की मदद से सुरक्षित निष्क्रमण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मौसम का पूर्वानुमान प्रतिदिन देना होगा

मौसम विभाग को मानसून के दौरान वर्षा की दैनिक जानकारी और मौसम का पूर्वानुमान प्रतिदिन गृह, जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकारण को नियमित रूप से देनी होगी। दूरदर्शन तथा आकाशवाणी को भारी वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन या राज्य शासन के निर्देश पर पूर्व चेतावनी और स्थानीय लोगों को सही जानकारी देने के लिए कहा गया है।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ त्वरित कार्रवाई सिस्टम विकसित करेंः सीएस

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मौसम की सटीक जानकारी के लिए पहले से चिन्हित स्थानों पर केंद्र स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि मौसम का अलर्ट सिस्टम भी पहले से बेहतर हुआ है और सभी संबंधित विभाग इस तरह की सूचनाओं के आदान प्रदान के साथ त्वरित कार्रवाई सिस्टम विकसित करें। मानसून पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए हुई राज्य स्तरीय बैठक में गृह विभाग को सेना से समन्वय, बाढ़ बचाव उपकरणों की तैयारी, प्रशिक्षित तैराकों की सूची और नियंत्रण कक्ष से समन्वय की जिम्मेदारी दी गई।

### बांधों की मजबूती, जल निकासी, पूर्वानुमान और बाढ़ संभावित गांवों का चिन्हांकन करें

जल संसाधन विभाग को बांधों की मजबूती, जल निकासी, पूर्वानुमान और बाढ़ संभावित गांवों का चिन्हांकन करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में चिकित्सा, दवाएं, टीकाकरण और महामारी रोकथाम के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के साथ सर्पदंश के उपचार में प्रयुक्त एंटीवेनम की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वच्छ पेयजल, शुद्धिकरण, क्लोरीन टैबलेट वितरण और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

---

## उच्च शिक्षा विभाग और यूजीसी का संयुक्त जागरूकता अभियान शुरू

# फर्जी विश्वविद्यालयों से सावधान रहने विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया है।

प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, शासकीय अथवा अशासकीय महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यूजीसी ने वर्तमान प्रवेश सत्र को देखते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों को सतर्करहने की सलाह दी है। आयोग के अनुसार कुछ संस्थान स्वयं को विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षण संस्थान बताकर छात्रों को आकर्षक विज्ञापनों और भ्रामक दावों के माध्यम से भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां न तो उच्च शिक्षा के लिए मान्य होंगी और न ही रोजगार के लिए उपयोगी होंगी। यूजीसी की 18 मार्च की सार्वजनिक सूचना में भी स्पष्ट किया गया है कि केवल विधिक मान्यता प्राप्त विवि और संस्थान ही डिग्री प्रदान कर सकते हैं। फर्जी संस्थानों से प्राप्त डिग्रियां किसी भी शैक्षणिक अथवा रोजगार संबंधी उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होंगी।

### शैक्षणिक धोखाधड़ी का शिकार न हों विद्यार्थी

यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को प्रवेश लेने से पहले संबंधित संस्थान की मान्यता की जांच करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेष रूप से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया है, जिससे उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय वे किसी भी तरह की शैक्षणिक धोखाधड़ी का शिकार न हों। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने इस जानकारी को उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के साथ प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। यह पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### परीक्षा कार्य के दौरान परीक्षा केंद्र में उपस्थिति रहेंगे केंद्राध्यक्ष

कुछ दिन पहले कुछ परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं और समस्याओं को लेकर बीयू के कुलगरू प्रो. एसके जैन ने विवि के परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि जिन-जिन महाविद्यालयों को 15/4/2026 से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, उन सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष परीक्षा सुचारू एवं निर्वाध सम्पन्न हो, इसके के लिए परीक्षा के दौरान पूरे समय परीक्षा केन्द्र पर ही उपस्थित रहें, जिससे की परीक्षा पूर्ण सुचिता के साथ सम्पन्न हो सके।

---

# मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल्ली दौरे ने प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महत्वपूर्ण मुलाकात की, जिसे राज्य में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम डॉ. यादव ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी भेंट की थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन मुलाकातों के जरिए प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार का अंतिम खाका तैयार किया जा रहा है।

एक तरफ जहां मुख्यमंत्री पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वह अपने मौजूदा मंत्रियों के कामकाज का फीडबैक भी ले रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में मप्र की सियासत में बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

---

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में की मुलाकात

# मंत्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर समस्याएं की हल


कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं को सुना और उनका समाधान किया।

जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

---

## यात्रा और अन्य खर्चों में कमी आएगी

# अब इंदौर नहीं, आज भोपाल के वन भवन में होगी रीजनल वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जंगलों के विकास और वन प्रबंधन को लेकर इंदौर के फाइव स्टार कन्वेंशन सेंटर में 15 मई को आयोजित होने वाली रीजनल वर्कशॉप को अचानक निरस्त कर दिया गया है। अब यह कार्यशाला भोपाल स्थित वन मुख्यालय के 50 सीटर हॉल में आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला में प्रदेश के सभी वन मंडलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेजेंटेशन देंगे। वन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में संशोधित आदेश जारी कर दिए। जानकारी के अनुसार इस कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश वन विभाग की विकास शाखा द्वारा किया जा रहा था। शाखा के पीसीसीएफ और 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी पुरुषोत्तम धीमान इसी माह 31 मई को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति से करीब 15 दिन पहले आयोजित की जा रही इस कार्यशाला को लेकर विभागीय स्तर पर काफी तैयारियां की गई थीं। बताया गया है कि कार्यशाला के आयोजन को लेकर 4 मई को प्रदेश के सभी आईएफएस अधिकारियों को सूचना भेजी गई थी। प्रारंभिक योजना के अनुसार कार्यक्रम इंदौर में आयोजित होना था, लेकिन बुधवार को अचानक इसे निरस्त कर भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत को लेकर दिए गए निर्देश और अपील पर इंदौर में होने वाला आयोजन रद्द किया गया। अब प्रदेश के सभी डीएफओ अपने-अपने मुख्यालयों में रहकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भोपाल में होने वाली ऑनलाइन कार्यशाला से जुड़ेंगे। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला आयोजित किए जाने से यात्रा और अन्य खर्चों में कमी आएगी, वहीं सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में रहकर विभागीय कार्यों की निगरानी भी कर सकेंगे।

---

## नागरिकों से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की अपील की

# मंत्री टेटवाल ने सार्वजनिक बस से यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुंचे। मंत्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया।

मंत्री टेटवाल ने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दुःखद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। मंत्री टेटवाल ने परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

टेटवाल ने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री टेटवाल ने पचोर से सारंगपुर तक बस से यात्रा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाना केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा एक जिम्मेदार प्रयास है। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। टेटवाल ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण और देशहित के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।


बस में सफर करते मंत्री टेटवाल।

---

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हादसे में घायल परिजनों एवं पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस

# देवास पटाखा फैक्ट्री विस्फोट सरकार की लापरवाही बारूद माफिया के संरक्षण का परिणाम : पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवास जिले के टोंक कलां क्षेत्र स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए घटना को प्रशासनिक लापरवाही, अवैध संरक्षण और माफिया तंत्र की मिलीभगत का परिणाम बताया है।

गुरुवार को देवास पहुंचकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने हादसे में घायल परिजनों एवं पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा इस दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि मप्र सरकार की असफल व्यवस्था और प्रशासनिक गैर-जिम्मेदारी का भयावह उदाहरण है।

### प्रशासन और सरकार ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की


पीड़ितों से मिलकर चर्चा करते पटवारी।

पटवारी ने कहा कि टोंक कलां क्षेत्र में एक सरकारी अनुबंध वाले वेयरहाउस में अनाज भंडारण की जगह अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी, जहां हुए भीषण विस्फोट में कई निर्दोष लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई तथा अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैक्ट्री में पूर्व में भी कई बार आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी थीं, लेकिन प्रशासन और सरकार ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। प्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि मृतकों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, घायलों को बेहतर उपचार तथा दोषियों पर तत्काल कार्रवाई हों।

### एमएसपी पर केवल घोषणा नहीं किसानों को कानूनी गारंटी दे केंद्र

जीतू पटवारी ने कहा कि किसानों की भावनाओं को समझने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद, लेकिन केवल एमएसपी की घोषणा कर देना किसानों के साथ न्याय नहीं है। देश और मध्यप्रदेश के किसानों को आज भी उनकी उपज का वास्तविक समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश के किसानों को यह बताना चाहिए कि आखिर मध्यप्रदेश में कौन-सी फसल वास्तव में एमएसपी पर बिक रही है। केंद्र सरकार एमएसपी से नीचे खरीद करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए।

### सरकार खुद शुरू करें वित्तीय अनुशासन

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इन दिनों सरकार और भाजपा जनता को वित्तीय अनुशासन, मितव्ययिता और सादगी का पाठ पढ़ा रही है। लेकिन, जनता सरकार और भाजपा से सीधा प्रश्न पूछ रही है, क्या यह सादगी केवल आम नागरिकों के लिए है? क्या सत्ता में बैठे लोगों पर इसका कोई नियम लागू नहीं होता? यदि वास्तव में सरकार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर है, तो शुरुआत जनता की जेब से नहीं, बल्कि सत्ता के वैभव से होनी चाहिए। पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा है कि जनता की भावना के अनुरूप कुछ सुझाव रख रहा हूं, जिन्हें लागू कर सरकार यह साबित कर सकती है कि वह त्याग और जवाबदेही में विश्वास रखती है। जीतू ने कहा कि सरकारी उत्सवों और भव्य आयोजनों पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया जाए। सरकारी कार्यक्रमों में दिखावा नहीं, सादगी अपनाई जाए। राजनीतिक रैलियों की भीड़ और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर रोक लगे। डिजिटल संवाद को बढ़ावा दिया जाए। विदेशी दौरों और बड़े-बड़े डेलिगेशन पर तत्काल रोक लगे। वीआईपी कल्चर, काफिलों और लक्जरी सरकारी खर्चों पर नियंत्रण हो।

---

## राज्यमंत्री गौर आज करेंगी शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना की शुरूआत

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर शुक्रवार को शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 की शुरूआत करेंगी। अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। गौर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए यह योजना विभाग द्वारा शुरू की गई है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026

9 बाढ़ राहत व बचाव के लिए विभागों की तय की ...

10 प्रथा राठौड़ ने जीता स्वर्ण एवं रजत पदक...




### अगले हफ्ते से फिर चलेगा बड़े तालाब किनारे बुलडोजर

# बोट क्लब पर रेस्टॉरेंट, वीआईपी रोड पर टूटेंगे बंगले


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनजीटी की सख्ती के बाद बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर के दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने की कवायद जारी है। हालांकि जिला प्रशासन की अब तक की गई कार्रवाई नाकाफी है, दरअसल टीटी नगर और बैरागढ़ सर्कल में कच्चे मकान, बाउंड्रीवॉल और टीन के शेड ही तोड़ गए हैं। जबकि बंगले, विला और मल्टीस्टोरी बिल्डिंगों पर कार्रवाई के दावे किए जा रहे हैं। अब पचास मीटर दायरे से निजी निर्माणों को हटाने के लिए अतिक्रमणकारियों को पर्यावरण कानून का डर दिखाकर खुद से अतिक्रमण हटाने की नसीहत दी जा रही है। दरअसल इस कानून के तहत आपराधिक केस दर्ज किया जा सकता है।

गुरुवार को टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने दफ्तर में टीटी नगर क्षेत्र के निजी और सरकारी जमीन पर काबिज लोगों को बुलाया, जिससे यहां करीब 50 से अधिक लोग पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि एनजीटी के आदेश के तहत तालाब के 50 मीटर दायरे से सभी तरह के निर्माणों को हटाया जाना है। एसडीएम ने बताया कि तालाब किनारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के मामले में जिला प्रशासन कोर्ट में परिवाद पेश कर आपराधिक केस दर्ज कराएगा। जिसमें पांच साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। एसडीएम का कहना है कि अगले हफ्ते से पक्के निर्माणों को हटाने का काम दोबारा से शुरु किया जाएगा।

**टीटी नगर में 68 सरकारी, 49 निजी जमीन पर अतिक्रमण**

**बैरागढ़ में 35 बंगले, विला और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग**


विंड एंड वेब्स रेस्टरेंट से लिया बड़े तालाब का चित्र।

### बोट क्लब पर 50 से ज्यादा अतिक्रमण टूटेंगे

टीटी नगर क्षेत्र के वोट क्लब पर जॉक रेस्टॉरेंट, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन में बनी 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कांपलेक्स, लहर जिम, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्टॉरेंट को अतिक्रमण में दर्ज किया है। एसडीएम का कहना है कि इन निर्माणों को हटाने के संबंध में नगर निगम को जानकारी दे दी गई है।

### टीएंडसीपी के नक्शे से बदली तालाब की हद

दस साल पहले नगर निगम ने एफटीएल और पचास मीटर दायरा तय कर तालाब की हद तय की थी, लेकिन डीजीसीएम सर्वे में तालाब की हद में अंतर आ रहा है। बैरागढ़ क्षेत्र में तालाब की हद के प्वाइंट कर्टन वॉल से भी बाहर आ रहे हैं। ऐसे में कर्टन वॉल के निर्माण पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

---

### प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद बढ़ सकती है साइकिल की डिमांड

**नवंबर 2025 के बाद अभी तक नहीं हुआ टेंडर**

# 24 से ज्यादा चार्टर्ड बाइक स्टेशन हुए बंद, कबाड़ हो गईं 1500 साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अधिकाधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने और साइकिल चलाने की अपील के बाद अब लोगों को अपनी साइकिल याद आई हैं। जिनके पास अपनी साइकिलें हैं वे तो बेफिक्रक हैं,लेकिन जो स्मार्ट साइकिलों के भरोसे हैं, उन्हें शायद निराश ही होना पड़ेगा, कयोंकि आए दिन बाइक स्टैंड पर अतिक्रमण और साइकिलों की चोरी की घटनाओं के चलते शहर के 24 चार्टर्ड बाइक स्टेशनों को बंद कर दिया गया है। दूसरी ओर, आईएसबीटी स्थित स्टोर में 1500 से ज्यादा नई साइकिलें कबाड़ हो रही हैं, जिनकी कीमत 90 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। फिलहाल नए स्टैंड बनाने जगह चिन्हित की जा रही है। भोपाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बीसीएलएल द्वारा संचालित इस योजना के तहत अब नए बाइक स्टैंड के लिए सुरक्षित और उपयोगी स्थानों की तलाश शुरू की गई है।


**2017 में हुई थी योजना की शुरुआत**

पब्लिक बाइक शेयरिंग सेवा की शुरुआत 25 जून 2017 को की गई थी। तब राजधानी में करीब 500 स्मार्ट साइकिलें और 50 से अधिक स्वचालित डॉकिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे। न्यू मार्केट, एमपी नगर और होशंगाबाद रोड जैसे व्यस्त इलाकों से योजना को अच्छी शुरुआत मिली। बाद में स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 92 कर दी गई, लेकिन अब मांग और सुरक्षा के अभाव में 24 स्टेशन बंद किए जा चुके हैं।

**कब्जे और चोरी की घटनाओं से पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना को झटका**

**नौ साल पहले राजधानी में 92 स्टैंड से की गई थी 500 साइकिलों के साथ शुरुआत**

### शहर में 92 से 68 स्टेशन ही रह गए बाकी


कबाड़ होतीं गोदाम में रखी साइकिल।

वर्तमान में शहर में 68 बाइक स्टेशन ही संचालित रह गए हैं। लंबे समय तक रखी रहीं तो खराब होगी आईएसबीटी परिसर में अधिकांश साइकिलें तो खुली रखी हैं। कुछ को प्लास्टिक से ढंका है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन लंबे समय तक यह रखी रहीं तो इनके खराब होने की भी आशंका रहेगी।

### इन इलाकों में बंद हुए स्टेशन

सर्वे के दौरान जिन इलाकों में उपयोग बेहद कम पाया गया, वहां स्टेशनों को बंद कर दिया गया। इनमें एमपी नगर, इंद्रपुरी, 80 फीट रोड, करोंद, सदर मंजिल सहित कुल 24 स्थान शामिल हैं। कई जगहों पर साइकिलें लंबे समय तक खड़ी रहने से खराब हो रही थीं।


ढंकी रखीं ई-बाइक।

**संचालन में ये हैं सबसे बड़ी दिक्कतें**

योजना के संचालन में सबसे बड़ी समस्या बाइक स्टैंड पर कब्जा और साइकिल चोरी की है। कुछ स्थानों पर तो स्टैंड को फूड जोन या ठेलों के अड्डे में बदल दिया गया है। वहीं कई ऐसे इलाके भी सामने आए, जहां स्टैंड तो बना दिए गए, लेकिन यूजर्स ही नहीं थे।

**पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना**

- लागत- 3 करोड़ रुपए
- कुल स्टेशन (पहले)- 92 सक्रिय स्टेशन (अब)- 68
- साइकिलें (शुरुआत में) 500
- दैनिक यूजर्स (पहले)- करीब 1000 वर्तमान यूजर्स (50) से भी कम

**जल्द पूरी होगी प्रक्रिया...**

2025 के बाद इसका टेंडर नही हुआ है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी , साथ साइकिल का इस्तेमाल लोगो के लिए हो सकेगा।

**नितिन दवे**, जनसंपर्क अधिकारी, स्मार्ट सिटी

### ग्रीन मोबिलिटीः अब इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करेंगे निगम अधिकारी

प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अब नगरीय निकायों के अधिकारी भी ई-व्हीकल का ही उपयोग करेंगे। इसके लिए नगरीय प्रशासन कमिश्नर संकेत भोंडवे ने सभी निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके बाद निगम ने ईवी-पॉलिसी 2025 पर काम करना शुरू कर दिया है। पहले चरण में 25 अधिकारियों को ई-व्हीकल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू हो चुकी है। इसके तहत प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से पेट्रोल-डीजल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाना है। अब प्रदेश की सभी नगर निगम, नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक और सभी नगर पालिका व नगर परिषद के सीएमओ को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए नगरीय प्रशासन ने पत्र लिखा है। नगरीय प्रशासन के कमिश्नर के पत्र के बाद नगर निगम प्रशासन ने पहले चरण में 50 ईलेक्ट्रिक वाहनों को अधिकारियों को देने का तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि निगम के अपर आयुक्त से लेकर उपायुक्त और सहायक आयुक्त लेवल के अधिकारियों को ईलेक्ट्रिक वाहन दिए जाएंगे। वही चार्जिंग पॉइंट के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

---

### सोशल मीडिया पर की थी भड़काऊ पोस्ट

## संस्कृति बचाओ मंच व हिउस के अध्यक्ष चंद्रशेखर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने संस्कृति बचाओ मंच हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी पर शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। दरअसल, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भोपाल नगरीय क्षेत्र में लगाई गई है ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए।


चंद्रशेखर तिवारी

बावजूद इसके चंद्रशेखर तिवारी द्वारा सोशल प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, फेसबुक और वाट्सएप पर एक वीडियो वायरल किया गया। वायरल वीडियो से दंगे भड़कने की स्थिति निर्मित हो सकती थी।

पुलिस के अनुसार शनिवार को गोविंदपुरा स्थित गौतम नगर में हिंदू संगठनओं द्वारा एक मुस्लिम युवक से मारपीट और उसका वीडियो वायरल किया गया था। उक्त वायरल वीडियो से दो समुदाय के बीच विरोधाभास की स्थिति बन गई। संस्कृति बचाओ मंच व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी द्वारा इस घटना को लव जिहाद बताकर मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु शहर काजी को संबोधित किया गया था। वायरल वीडियो में अशोभनीय टिप्पणी थी, जिससे दोनों समुदाय के बीच दंगा भड़कने की स्थिति निर्मित हो सकती थी।

पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा आदेश पारित किया है कि शहर की सीमा के अंदर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय के भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। साथ ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के खिलाफ कोई उत्तेजनात्मक भाषण नहीं दिया जाएगा। बावजूद इसके संस्कृति बचाओ मंच व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी द्वारा धारा 163 बीएनएसएस के आदेश का उल्लघंन कर धर्म विशेष को लेकर टिप्पणी की गई और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया।

**पुलिस की अपीलः भीड़-प्रदर्शन का हिस्सा बनें**

राजधानी में नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि आज शुक्रवार को जुमे की नमाज है किसी भी तरह की भीड़ या विरोध प्रदर्शन का हिस्सा नहीं बनें। अफवाहों से बचें और कानून का पालन करें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाहों से बचें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट फारवर्ड न करें। कानून का सम्मान करें और शांति बनाए रखें। भोपाल की पहचान अमन भाईचारा ओर गंगा जमुनी तहजीब है इसे बरकरार रखें।

---

### 19 जुलाई को आएंगे परिणाम

## जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव 16 जुलाई को, प्रचार शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला अधिवक्ता संघ भोपाल के प्रतिष्ठापूर्ण द्विवार्षिक चुनाव 16 जुलाई को होंगे । चुनाव तारीख की घोषणा होते ही भावी प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। मुख्य चुनाव अधिकारी वासु वासवानी द्वारा गुरुवार को घोषित चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 15 जून को प्रारंभिक मतदाता सूची,23 जून को अंतिम मतदाता सूची, 29 और 30 जून को उम्मीदवारों के नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। 1 जुलाई को नामांकन फार्म की जांच, 2 और 3 जुलाई को फार्म की वापसी के बाद 3 जुलाई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 एवं 14 जुलाई को टेंडर वोटिंग, 16 जुलाई को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान, 17 और 19 जुलाई को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जा सकेंगे। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर घमासान होने के आसार हैं। अध्यक्ष पद के लिए प्रियनाथ पाठक और संतोष शर्मा के नाम सामने आए हैं। सचिव के पद के लिए सपना चौधरी, प्रकाश रावत और अनिल जैवार, उपाध्यक्ष पद के लिए राकेश लिदोरिया और एबी खान, महिला के लिए आरक्षित कोषाध्यक्ष अनीता पाराशर और पुस्तकालय अध्यक्ष उम्मीदवार मो. अब्दुल खालिक के नाम सामने आए हैं।

---

**कर्मियों की सतर्कता से सुरक्षित मिला 25 लाख के जेवरों से भरा बैग**

## ईमानदारी की मिसाल बनी पर्यटन निगम की डोडी यूनिट, जेवर लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पर्यटन विकास निगम की इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित डोडी इकाई के कर्मचारियों ने ईमानदारी और मानवता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। यूनिट के कर्मचारियों ने एक परिवार का कीमती जेवरों और सामान से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर भरोसे और नैतिकता को मजबूत किया।


डोडी यूनिट का डाइनिंग हॉल।

जानकारी के अनुसार, अशोक गुप्ता अपने परिवार के साथ उज्जैन में विवाह समारोह में शामिल होकर भोपाल लौट रहे थे। रास्ते में डोडी यूनिट पर कुछ समय विश्राम किया। इसी दौरान उनका एक बैग वहां छूट गया, जिसमें कीमती आभूषण और निजी सामान रखा था। कुछ दूरी जाने के बाद जब परिवार को बैग गुम होने का पता चला तो वे घबराए दोबारा डोडी पहुंचे।

यूनिट प्रबंधक राजेश छुगानी ने दो घंटे तक सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई। जांच में पता चला कि रेस्टोरेंट कर्मचारी पप्पू बागवान और अशोक बागवान को बैग लावारिस हालत में मिला था। दोनों कर्मियों ने पूरी इमानदारी से बैग सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया था। गुप्ता परिवार को उनका पूरा सामान सुरक्षित मिल गया। परिवार ने डोडी यूनिट के सभी कर्मियों, विशेष रूप से प्रबंधक राजेश छुगानी, पप्पू बागवान और अशोक बागवान का आभार जताते हुए कहा कि आज के दौर में ऐसी ईमानदारी दुर्लभ है।

---

### रवींद्र भवन के सामने फूटी रॉ वाटर लाइन


**भोपाल।** गुरुवार रात साढ़े आठ बजे के आसपास रवींद्र भवन के सामने नर्मदा लाइन का रॉ वाटर लाइन का वॉल्व लीक कर गया, जिससे पानी का फव्वारा फूट पड़ा। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले लोग अपनी गाड़ियों को फव्वारे में धोते रहे जिसकी वजह से सड़क पर जाम लग गया। हालांकि, सूचना मिलते ही नगर निगम ने सप्लाई बंद कराने के साथ वॉल्व मेंटेनेंस शुरू करा दिया। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री (जलकार्य) उदित गर्ग ने बताया कि रॉ वॉटर सप्लाई लाइन वॉल्व में लीकेज हुआ था, जिसे देर रात में ही दुरुस्त करा दिया गया।

---

### ‘संपर्क अभियान’: चांदबड़ में आयोजित शिविर में मिला नया कनेक्शन

# राजकुमारी कुशवाहा का चार घंटे के भीतर ही घर हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द्वारका नगर में रहने वाली राजकुमारी कुशवाहा का घर चार घंटे में बिजली की रोशनी से चगमगा दठा। बिजली कंपनी के चांदबड़ में गुरूवार को आयोजित शिविर में चार घंटे के भीतर राजकुमारी कुशवाहा को नया कनेक्शन मिल गया और उनका घर रोशन हो गया। उनके परिवार में खुशी की एक नई लहर आई। घर रोशन होने से उनका परिवार बिजली कंपनी की सेवाओं की सराहना कर रहा है। दरअसल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 14 मई से एक नई पहल शुरू की है जिसके अंतर्गत समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र में 374 ‘संपर्क अभियान’ शिविर लगाए गए और भोपाल शहर में 27 शिविर लगाए गए।

**मक्षेविवि कंपनी ने समूचे कार्यक्षेत्र में 374, शहर में लगाए 27 शिविर**

**शिविर में सर्वाधिक आई बिल सुधार संबंधी शिकायतें**

### सारंग ने किए हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित


नए कनेक्शन का प्रमाण पत्र देते मंत्री सारंग और महापौर राय।

मंत्री विश्वास सारंग ने चांदबड़ में आयोजित शिविर का शुभारंभ कर राजकुमारी कुशवाहा को नए कनेक्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। चांदबड़ शिविर में रीना बाई और अनीता को नवीन विद्युत कनेक्शन, नवीन को अस्थायी नवीन कनेक्शन, गुलाबसिंह को मौके पर ही ‘नो ड्यूज’ प्रमाण पत्र तथा बंशीराम साहू के विद्युत कनेक्शन के नाम परिवर्तन संबंधी आवेदन का भी त्वरित निराकरण की सेवाएं मिलीं।

### तीन हजार 748 शिकायतें का किया निराकरण

‘संपर्क अभियान’ शुभारंभ पर पहले दिन 14 मई को भोपाल में तीन हजार 929 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से तीन हजार 748 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 181 शिकायते का शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा। तीन हजार 929 शिकायतों में से बिल संबंधी एक हजार 687, भुगतान संबंधी कए हजार 611, विद्युत आपूर्ति संबंधी 247, नया कनेक्शन एवं भार वृद्धि संबंधी 124 तथा अन्य 79 शिकायतों को मौके पर ही निराकरण किया गया।

### चार अलग-अलग काउंटर लगाए गए

शिविरों में चार अलग-अलग काउंटर उपलब्ध थे। शिकायत दर्ज करने और टोकन प्राप्ति के लिए नंबर एक हेल्प डेस्क, बिजली बिल से संबंधित सभी शिकायतों के लिए काउंटर नंबर दो (बिलिंग सुधार), पांच में नवीन कनेक्शन, भार वृद्धि और नाम परिवर्तन । काउंटर तीन (नया कनेक्शन व अन्य सेवाएं) और बंद मीटर बदलने, वोल्टेज की समस्या और बकाया राशि के भुगतान/वसूली के लिए काउंटर नंबर चार (तकनीकी सेवाएं एवं भुगतान की सुविधा) उपलब्ध थी।

---

### मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर आपत्ति

## कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो, अब 23 जून को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़ा बाग कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो के गुजरने को लेकर गुरुवार को वक्फ ट्रिब्यूनल में सुनवाई नहीं हो पाई। गुरुवार को स्टे पर बहस होनी थी। अब अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

भोपाल टॉकीज स्थित प्राचीन कब्रिस्तान के नीचे प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर निर्माण के खिलाफ कमेटी इंतेजामियां औकाफ-ए-अम्मा ने मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किए हैं। जिसको लेकर सुनवाई चल रही है। कमेटी की ओर से अधिवक्ता अंसार उल हक और इब्राहिम सरवत पैरवी कर रहे हैं। दोनों मामलों में मेट्रो निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई है। इसे लेकर दो सुनवाई हो चुकी है। गुरुवार को सुनवाई थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने से यह तारीख 23 जून हो गई है। कमेटी का दावा है कि प्रस्तावित मेट्रो लाइन से करीब एक एकड़ क्षेत्र सीधे प्रभावित हो सकता है, जिससे बड़ी संख्या में कब्रों के अस्तित्व और संरचना पर खतरा उत्पन्न होगा।

## पेज एक का शेष....

### होर्मुज के पास ...

को सुरक्षित बचा लिया। भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान अनुसार, बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला किसी भी हालत में मंजूर नहीं है। हम इस बात की निंदा करते हैं कि व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने सभी भारतीय चालक दल के सुरक्षित होने की पुष्टि करते हुए ओमानी अधिकारियों का आभार जताते हुए लिखा, जहाज पर सवार भारतीय क्रू सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। भारत फिर से कहता है कि कमर्शियल शिपिंग को टारगेट करने और बेकसूर सिविलियन क्रू मेंबर्स को खतरे में डालने, या किसी और तरह से नेविगेशन और कॉमर्स की आजादी में रुकावट डालने से बचना चाहिए।

**13 भारतीय झंडे वाले जहाज खड़े हैं:** यह घटना ऐसे समय में हुई है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही काफी हद तक बाधित है और अमेरिका और ईरान किसी समझौते पर पहुंचने में फिर से नाकाम रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट है कि होर्मुज में जारी तनाव के बावजूद पिछले 24 घंटे में दो विदेशी झंडे वाले एलपीजी टैंकर वहां से निकल चुके हैं, जिन्हें भारत आना है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध फिलहाल तो रुका हुआ है, लेकिन इसके फिर शुरू होने का खतरा लगातार मंडरा ही रहा है। इसकी वजह से फारस की खाड़ी में अभी भी 13 भारतीय झंडे वाले जहाज लंगर डाले खड़े हैं।

### कुछ टकराने की ...

से जहाज छोड़ा। इस दौरान ओमानी अधिकारियों ने आगे बढ़कर भारतीय क्रू मेंबर्स की मदद की।

### 100 गाड़ियों का ...

और यह प्रधानमंत्री की अपील की अवहेलना है। भिंड के भाजपा नेता सज्जन सिंह ने बुधवार को 100 से अधिक लग्जरी वाहनों के साथ शहर में प्रवेश किया था। इस दौरान शहर का ट्रैफिक बाधित हुआ तो हॉर्न बजाते और नारेबाजी के कारण शोर भी हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में देश में यह पहली कार्रवाई है। नियुक्ति के 18 दिन में ही भाजपा ने उन्हें भिंड जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दो बार ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले से वाहन कम कर दिए। देश के गृह मंत्री अमित शाह, अन्य विभागों के मंत्रियों, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों ने भी काफिले से वाहन कम कर दिए। इसके बाद भी सज्जन अध्यक्ष बनने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे।

### नोटिस जारी, सभी...

सार्वजनिक पद की गरिमा, सादगी और जवाबदेही के सिद्धांतों के भी विपरीत है। कड़े निर्देशों के तहत अब जांच पूरी होने तक सौभाग्य सिंह के निगम कार्यालय में प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। वे न तो सरकारी वाहन या संसाधनों का उपयोग कर पाएंगे और न ही किसी विभागीय बैठक में शामिल हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त, उन्हें कर्मचारियों को आदेश देने या उनसे काम लेने के अधिकार से भी वंचित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सत्ता के गलियारों में सादगी बनाए रखने के कड़े संदेश के रूप में देखी जा रही है।

### हादसे में 5 ....

धीरज पिता बग्गी राम पासवान (40) निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार शामिल है। अधिकांश मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। इसके बाद मोहम्मद एजाज को किया गिरफ्तार। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी कलेक्टर ने मोर्चा संभाला। उज्जैन कमिश्नर और आईजी भी घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल निरीक्षण कर घायलों से मुलाकात की। वहीं सीएम के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ल भी घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियों की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीएस शुक्ल ने बताया कि एफएसएल कैमेस्ट्री और फिजिक्स की टीम, औद्योगिक सुरक्षा की टीम और पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन साथ मिलकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### सीएम ने जताया...

हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। इसके बाद सीएम एमवाय अस्पताल में दाखिल घायलों से भी मिले और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। सीएम ने कहा कि सरकार सरकार प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। घटना की जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### आज से मप्र ...

वह 70 रुपए लीटर हो गया। वहीं, आधा लीटर अब 35 रुपए में मिलेगा। टोंड दूध आधा लीटर 29 में, स्टैंडर्ड दूध आधा लीटर 32 में और डबल टोंड दूध 27 रुपए में आधा लीटर मिलेगा। इससे पहले सांची ने पिछले साल 7 मई को कीमतों में इजाफा किया था। भोपाल में पैक्ड दूध की सबसे ज्यादा खपत सांची ब्रांड की है। शहर में रोजाना करीब साढ़े 7.5 लाख लीटर सांची दूध बिकता है। इससे पहले अमूल और मदर डेयरी ने भी दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाए थे। नई कीमतें 14 मई से लागू हो चुकी हैं। कंपनियों ने पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की बढ़ती लागत को इसकी वजह बताया है। कांग्रेस ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का विरोध करने की बात कही है।

### मिलावटी हल्दी लगाने ...

जलन शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर उसे इंदौर रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिस दिन घर में मंडप सजना था और बारात आनी थी, उसी दिन परिवार को बेटी का अंतिम संस्कार करना पड़ा। मृतका राखी कसरावद के टेकड़ी निवासी गजुनाथ की तीन बेटियों में सबसे बड़ी थी। पिता ने बताया कि राखी की शादी खामखेड़ा गांव में तय हुई थी और 26 अप्रैल को बारात आनी थी। शादी से पहले 22 अप्रैल को हल्दी की रस्म हुई थी। परिजनों ने स्थानीय बाजार से खुले पैकेट में हल्दी और चिकसा मंगवाया था। यह हल्दी राखी सहित 15 अन्य महिलाओं को लगाई गई थी। उसी रात राखी की तबीयत बिगड़ने लगी। उसके गले में जलन शुरू हो गई, होंठ फूल गए और पूरे शरीर पर लाल चकत्ते पड़ गए। तबीयत बिगड़ने पर परिजन राखी को तुरंत खरगोन जिला अस्पताल के आईसीयू में लेकर पहुंचे। हालत में सुधार न होने पर अगले दिन उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां एक्स-रे और ईसीजी सहित कई जांचें की गईं, लेकिन गले की तकलीफ और चेहरे की सूजन लगातार बढ़ती रही। एमवाय में फायदा न दिखने पर परिजन राखी को इंदौर के ही एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज का खर्च ज्यादा होने के कारण जब उसे वापस एमवाय अस्पताल लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस में शिकायत नहीं की, जिसके चलते बिना पोस्टमार्टम के गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### प्रदेश के 9....

भीषण गर्मी का दौर जारी है। भोपाल में पारा दशमलव 2 डिग्री बढ़कर अब 43.4 डिग्री पर पहुंच गया, जिसस दिन में लू जैसा अहसास रहा। यह नॉर्मल से 2.6 डिग्री ज्यादा है। खंडवा, खरगौन, रतलाम और नौगांव में पारा 45 डिग्री रहा, जबकि दमोह, खजुराहो, सागर, रायसेन और उज्जैन में पारा 44 डिग्री के पार रहने से तेज गर्मी महसूस की गई है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन से चार दिन गर्मी का पारा बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी उत्तर प्रदेश के और राजस्थान में सकुर्लेशन है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से पर भी एक सकुर्लेशन है। इससे आमतौर पर राजस्थान की गर्म हवाओं से गर्मी बढ़ेगी। कुछ हिस्सों में बादल और आंधी बारिश भी होगी।

**आज नया डब्ल्यूडी सक्रिय:** विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार शुक्रवार से नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका बहुत मामूली असर 4 से 5 दिन बाद मौसम में बदलाव के रूप में हो सकता है। इससे पहले अधिकांश जिलों के तापमान में एक डिग्री तक घट-बढ़ जारी रहेगी। कुछ जिलों में भीषण गर्मी रहेगी। भोपाल में बादलों के बीच आंधी-बौछारें और तापमान में बदलाव होगा।

### 54 विदेशी दौरों ...

हैं। संबित पात्रा के अनुसार, राहुल गांधी अब तक लगभग 54 विदेश यात्राएं कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं में इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, मालदीव, कतर, मस्कट और ओमान जैसे देशों के दौरे शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि इनमें से ज्यादातर यात्राओं का रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और उनसे जुड़ी जानकारी, फोटो और यात्रा से जुड़ी डिटेल भी सामने हैं। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी की विदेश यात्राओं की फंडिंग को लेकर पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं है। उन्होंने दावा किया कि एक अनुमान के मुताबिक 2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर करीब 60 करोड़ रुपये खर्च हुए होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर विदेश यात्रा में राहुल गांधी के साथ 3 से 4 लोग भी जाते थे। पात्रा ने आरोप लगाया कि कई बार राहुल गांधी ने सुरक्षा व्यवस्था से बचकर भी यात्रा की। हालांकि उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं दी। संबित पात्रा ने यह भी साफ किया कि इस अनुमान में संसद की समितियों से जुड़ी आधिकारिक विदेश यात्राओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी सीक्रेट ट्रिप पर जाते हैं और क्या उनकी विदेश यात्राओं को किसी विदेशी एजेंसी से फंडिंग मिलती है। भाजपा नेता ने कुछ खास यात्राओं का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक दिसंबर 2025 में राहुल गांधी लंदन और बर्लिन गए थे, जिसमें करीब 1.4 करोड़ रुपए खर्च हुए। उन्होंने कहा कि सितंबर और अक्टूबर 2025 में राहुल गांधी लैटिन अमेरिका गए थे, जहां कुल 5.5 करोड़ रुपए खर्च हुए। पात्रा ने दावा किया कि इस खर्च का कोई सार्वजनिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

### राहुल की ज्यादातर ...

को लेकर कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने सवाल पूछा कि इन यात्राओं का खर्च किसने उठाया और क्या इसकी पूरी जानकारी देश के सामने रखी गई है। संबित पात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी कई बार विदेश यात्रा पर जाने से पहले सरकार से अनुमति नहीं लेते थे। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में राहुल गांधी ने एसपीजी सुरक्षा व्यवस्था को भी जानकारी नहीं दी।

### पुणे का डॉक्टर ...

छात्र शुभम खैरनार को बेचा गया था। केंद्र सरकार के निर्देश पर मामले की कमान संभालते ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कार्रवाई तेज कर दी है। सीबीआई ने पुणे के जुन्नार से एक आयुर्वेदिक डॉक्टर ओंकार शिंगोटे को हिरासत में लिया है, जो लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था। शिंगोटे और उसके सहयोगी धनंजय लोखंडे पर छात्रों को अवैध तरीके से मेडिकल कॉलेजों में दाखिला दिलाने वाले रैकेट में शामिल होने का संदेह है। धनंजय को अहिल्यानगर से पकड़ा गया है। महाराष्ट्र में अब तक पांच आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है, जिनमें पुणे से तीन और नासिक व अहिल्यानगर से एक-एक आरोपी शामिल है।पेपर लीक की इस साजिश की आंच राजस्थान तक भी पहुंच गई है।

**हार्ड कॉपी को स्कैन कर उसे पीडीएफ में बदला गया:** जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की हार्ड कॉपी को स्कैन कर उसे पीडीएफ में बदला गया और सीकर के कोचिंग सेंटरों में वितरित किया गया। छात्रों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उन्होंने इस अवैध पेपर के लिए 2 से 5 लाख रुपये तक का भुगतान किया था। राजस्थान के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 'आरके कंसल्टेंसी' चलाने वाले राकेश मांडवारिया और कथित मास्टरमाइंड मनीष यादव के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। जांच एजेंसियां अब इस पूरे गिरोह के नेटवर्क को ध्वस्त करने और पर्दे के पीछे छिपे अन्य चेहरों को बेनकाब करने के लिए पूछताछ का दायरा बढ़ा रही हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ...

उपयोग की अपील की है। इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन मेट्रो में यात्रा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम यात्रियों के बीच रहकर सफर किया और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मेट्रो सफर की सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक क्षेत्र में काफी चर्चा रही। इसे एक प्रतीकात्मक और प्रभावशाली संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें आम नागरिकों को भी यह प्रेरणा मिलती है कि यदि जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं, तो सभी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं।

### प्रदूषण नियंत्रण के ...

भूमिका निभा रहे हैं। बड़े शहरों में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बेहद आवश्यक है। इससे न केवल ट्रैफिक जाम कम होगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि भारत तेजी से आधुनिक और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां परिवहन व्यवस्था को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दिल्ली मेट्रो की व्यवस्था, समयबद्धता और यात्री सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि देश के अन्य शहरों में भी इस तरह की व्यवस्थाओं का विस्तार होना चाहिए। मध्यप्रदेश में भोपाल और इंदौर के पश्चात अन्य बड़े नगरों में मेट्रो ट्रेन सुविधा का विस्तार इसी सुविचारित योजना का हिस्सा है। हमारा देश स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीन मोबिलिटी और स्मार्ट सिटी मिशन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### मप्र के नक्सल ....

आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह को बालाघाट दौरे का निमंत्रण भी दिया। शाह ने प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में राज्य की पहल को सकारात्मक बताया।


**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI BETUL DISTT. BETUL**

No./Nirman/2025-26/118 Betul, Dated : 13.05.2026

**NOTICE INVITING TENDER (2nd CALL)**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **CONSTRUCTION OF DRAIN FRONT OF NAGDEV MANDIR AND ALONG WITH MAIN ROAD AT MANDI YARD BETUL DIST. BETUL TENDER NO. 2026_MPSAM_507307_1 (PAC amount Rs. 16.50 Lack), CONSTRUCTION OF DRAIN FRONT OF CANTEEN AT MANDI YARD BETUL DIST. BETUL, TENDER NO. 2026 MPSAM_507309_1 (PAC amount Rs. 16.42 Lack),** The following works Tender to be received online up to on Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **https://mpmandiboard.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **https://mpmandiboard.in**

M.P. Madhyam/125778/2026 **SECRETARY**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई. डब्ल्यू एस.-294 मण्डल द्वारा श्री सरफराज हुसैन आत्मज श्री शराफत हुसैन के नाम से आवंटित्त है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29/06/1994 को पंजीकृत है। श्री सरफराज हुसैन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री नदीम अहमद खान आत्मज श्री मतीन अहमद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/06/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया। उसके पश्चात श्री नदीम अहमद खान द्वारा उक्त सम्पत्ति सुश्री प्रियंका गुप्ता पुत्री श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/01/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। क्रेतागण / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री सरफराज हुसैन से श्री नदीम अहमद खान के पक्ष एवं श्री नदीम अहमद खान से सुश्री प्रियंका गुप्ता पुत्री श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**



**न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज, (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993**

क्रमांक / 1323 **सूचना/विज्ञप्ति** औ.गंज/दिनांक 04/5/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 09.04.2026 को समय रात्रि 04.44 **AM** पर बीटगार्ड बारधा एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक के साथ गश्ती के दौरान बारधा स्टेण्ड पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग पर 02 नग मोटर साइकिल से अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 06 नग 0.425 घ.मी. जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है :

| क्र. | वाहन क्रमांक / वाहन का विवरण | पी.ओ. आर.न. /दि. | वाहन मालिक/ आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिक का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. वाहन मोटर साइकिल होण्डा साईन (ब्लैक ) क्रमांक, इंजिन नं., चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ। 2. वाहन मोटर साइकिल बजाज डिस्कबर (नीला/ब्लैक) क्रमांक, इंजिन नं, चेसिस नं. मिटा/घिसा हुआ। से अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 06 नग 0.425 घ.मी. के साथ जप्त की गई। | 42360/09 दिनांक 09.04.26 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 09.04. 2026 को समय रात्रि 04.44 AM पर बीटगार्ड बारधा एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक के साथ गश्ती के दौरान बारधा स्टेण्ड पी.डब्ल्यू, डी. मार्ग पर 02 मोटर साइकिल में अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 06 नग 0.425 घ.मी. जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी के दिनांक 09.04. 2026 को समय रात्रि 04.44 AM पर बीटगार्ड बारधा एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक के साथ गश्ती के दौरान बारधा स्टेण्ड पी.डब्ल्यू डी. मार्ग पर अवैध परिवहन | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक 04.05.26 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

**(मयंक राज)** भा.व.से
**सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज**

जी- 12867/26 स्वच्छता ही सेवा



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



**आवश्यकता**

भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955

D-17/5/26



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
9755600569, 8200502943, 7748022609



अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन
में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल,
मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक




नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 6226



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6225 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | वा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6236

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6235 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### यूडब्ल्यूए ने किया सालाना स्कॉलरशिप पर ऐलान

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने यूडब्ल्यूए इंडिया के जरिए एक अहम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का ऐलान किया है। यह भारतीय बाजार में अपने आप में सबसे बड़ी और अहम पहलों में से एक है। इस पहल से यूडब्ल्यूए की उस लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलती है, जिसके तहत वह अलग एकेडमिक, सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले होनहार स्टूडेंट्स के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एजुकेशन को ज्यादा आसानी से उपलब्ध बनाना चाहता है।

### मदर्स डे गिफ्टिंग ट्रेंड्स की दिलचस्प बढ़ी

**नई दिल्ली।** इंस्टामार्ट की मदर्स डे गिफ्टिंग ट्रेंड्स 2026 रिपोर्ट में इस बार भारत के बदलते गिफ्टिंग ट्रेंड्स की दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। अब लोग सिर्फ फूलों और चॉकलेट्स तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मां की सेहत और आराम का भी खास ध्यान रख रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस मदर्स डे पर लोगों ने प्रोटीन पाउडर, स्लीप गमीज, मसाजर्स और वेलनेस प्रोडक्ट्स जैसे केयर-आधारित गिफ्ट्स को भी बड़ी संख्या में चुना। रिपोर्ट बताती है कि फूल और चॉकलेट्स अब भी सबसे लोकप्रिय गिफ्ट्स बने रहे। लेकिन इस बार स्वयं की देखभाल के लिए उपहार का ट्रेंड तेजी से बढ़ा।

### टाटा पावर का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा

**मुंबई।** टाटा पावर ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी का मुनाफा (पीएटी) 8 फीसदी बढ़कर 1,416 करोड़ रहा। इस दौरान कंपनी का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा, जबकि बेहतर कामकाज और सही रणनीति की बदौलत कामकाजी मुनाफा 10 फीसदी बढ़कर 4,216 करोड़ पर पहुंच गया। कंपनी ने इस साल 7 फीसदी ज्यादा 5,118 करोड़ का मुनाफा कमाया है, जो अब तक का सबसे ज्यादा मुनाफा है। साल भर में कंपनी की कुल कमाई 63,681 करोड़ रही, और उसका कामकाजी मुनाफा भी 11 फीसदी बढ़कर 16,090 करोड़ तक पहुंच गया।

## पतंजलि के वैज्ञानिकों के परिश्रम से वैश्विक स्तर पर मिली कामयाबी

# पतंजलि का बड़ा शोध: दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र

### अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों की कई दिनों और रातों की मेहनत रंग लाई जो एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नए आयाम खोल देती है। यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा।

*पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है*

*मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नए आयाम खोल देती है*



#### गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत

आचार्य ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल शोध करना नहीं, बल्कि ऐसे परिणाम देना है जो मानव जीवन की गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत कर सकें। दालचीनी पर यह अध्ययन उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रकृति में ही स्वास्थ्य का संपूर्ण समाधान निहित है, और आयुर्वेद उसी प्रकृति के नियमों को विज्ञान की भाषा में प्रस्तुत करता है। दालचीनी पर हुआ यह शोध उसी सत्य को पुनः स्थापित करता है।

दरअसल, दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे। अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना, जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ने दालचीनी के जैव सक्रिय तत्वों (बायो एवैलेबिलिटी) व मधुमेह के नियंत्रण में उसकी भूमिका (हाइपोग्लाइसेमिक) व विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने पर उसकी प्रभावशीलता के संदर्भ में पतंजलि की ओर से किए गए अनुसंधान को स्वीकार किया है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने दालचीनी के विविध खाद्यान्न के साथ व स्वतंत्र व सुरक्षित उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया। जिसका प्रथम बार विश्व के प्रसिद्ध जर्नल ने स्वीकार किया। विदित हो कि फूड रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल खाद्य विज्ञान और पोषण के क्षेत्र की विश्व स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका है। इसमें खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पोषण, जैव सक्रिय तत्व, स्वास्थ्य प्रभाव और खाद्य तकनीक से जुड़े शोध प्रकाशित होते हैं। इस जर्नल में शोध प्रकाशित होना वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है क्योंकि यहां प्रकाशित शोध कठोर रिव्यू प्रक्रिया से गुजरते हैं।

## फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड लांच



**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी और भारत के नंबर 1 एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड लांच किया। यह फोन काम और मौज-मस्ती को नए अंदाज़ में पेश करता है। दुनिया का नंबर 1 फोल्डेबल कैमरा सिस्टम जिसे डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल से नवाजा गया है, फोल्डेबल फोंस में सबसे बड़ी 6000एमएएच बैटरी और चमकदार 6.6 इंच की स्क्रीन जो खुलकर विशाल 8.1 इंच 2के डिस्प्ले बन जाती है। कीमत सिर्फ 5,556 रुपए प्रति माह से शुरू। साथ में लांच हुए मोटो बड्स 2 प्लस जिसमें साउंड बाय बोस के साथ सेगमेंट का सबसे बेहतरीन ऑडियो, सिर्फ 4,999 रुपए कीमत में है।

**आर.सी.वी.पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल**

क्रमांक/4158/ खेलकूद/2026 भोपाल दिनांक 08/05/2026

आर.सी.वी.पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल कार्यालयीन उपयोग हेतु जिम मशीनों का क्रय हेतु Gem पोर्टल से ऑन लाईन टेण्डर https://gem.gov.in के माध्यम से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाना है। उपरोक्तानुसार जिम मशीन क्रय हेतु Gem पोर्टल पर Bid No. Gom/2026/B/7519632 का प्रकाशन GeM पोर्टल पर किया गया है। निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी Gem पोर्टल पर देखी जा सकती है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.05.2026 शाम 13:00 बजे तक है। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर Gem पोर्टलव वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। विस्तृत निविदा तथा अन्य Gem पोर्टल जानकारी पोर्ट https://gem.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी अधिकारी खेलकूद
आर.सी.वी.पी नरोन्हा प्रशासन एवं
प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल

G12827/26 " स्वच्छता ही सेवा "

## दूध महंगा, घी-पनीर-दही ने भी बढ़ाया महंगाई का बोझ

# सांची ने बढ़ाए दूध के दाम, आम आदमी की जेब पर असर, उपभोक्ता नाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उपभोक्ताओं को प्रति लीटर दूध पर 2 से 3 रु.अधिक चुकाने होंगे

खर्च में वृद्धि और गर्मी के कारण दूध उत्पादन प्रभावित

लगातार बढ़ती महंगाई के बीच आम लोगों को एक और बड़ा झटका लगा है। और मदर डेयरी के बाद मध्य प्रदेश के प्रमुख सहकारी दुग्ध ब्रांड सांची ने भी दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें 15 मई 2026 से लागू होंगी। वहीं अमूल दूध की कीमतें 14 मई से बढ़ गई है। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब उपभोक्ताओं को प्रति लीटर दूध पर 2 से 3 रुपए अधिक चुकाने होंगे। राजधानी भोपाल में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने विभिन्न श्रेणी के दूध के दामों में बढ़ोतरी कर दी है।

नई दरें लागू होने के बाद आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट और बिगड़ने की आशंका बढ़ गई है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा जारी नई दरों के अनुसार फुल क्रीम दूध (गोल्ड) 500 एमएल 34 रुपए से बढ़कर 35 रुपए हो गया है। फुल क्रीम दूध (गोल्ड) 1 लीटर 67 रुपए से बढ़कर 70 रुपए, स्टैंडर्ड दूध (शक्ति) 500 एमएल 31 रुपए से बढ़कर 32 रुपए, डबल टोंड दूध (स्मार्ट) 500 एमएल 26 रुपए से बढ़कर 27 रुपए और चाह दूध 1 लीटर जो 60 रुपए था वह बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

#### आम लोगों पर बढ़ेगा आर्थिक दबाव



दूध रोजमर्रा की जरूरत का सबसे अहम खाद्य पदार्थ माना जाता है। ऐसे में लगातार बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच अब दूध पर अतिरिक्त खर्च घर के मासिक बजट को प्रभावित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का असर आने वाले समय में दही, पनीर, घी और मिठाइयों जैसे अन्य दुग्ध उत्पादों पर भी दिखाई दे सकता है। डेयरी क्षेत्र से जुड़े जानकारों के अनुसार पशु आहार महंगा होना , परिवहन लागत बढ़ना, उत्पादन खर्च में वृद्धि और गर्मी के कारण दूध उत्पादन प्रभावित हुआ है जिस कारण से दूध कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं।

#### मिठाई और डेयरी आधारित खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की संभावना

कारोबारियों का कहना है कि घी, मावा और पनीर महंगे होने से मिठाई कारोबार पर भी असर दिखाई देने लगा है। कई दुकानदारों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में मिठाइयों के दाम भी बढ़ सकते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर**

Tel.No.0761-2673450 E-mail: ceunz.2010@rediffmail.com
FAX No.0761-2672373

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा क्रमांक 309/सा/मु.अ./2026, जबलपुर, दिनांक 11/05/2026

निम्नकार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रीक्यॉरमेंट सिस्टम पार्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा आई.डी. क्रमांक | : | ............................ |
| कार्य का विवरण | : | टर्न-की आधार पर बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 63.00 कि.मी. से आर.डी. 104.00 कि.मी. तक विद्यमान डब्ल्यू.बी.एम. सर्विस रोड डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य जिसमें सम्मिलित ओ.एम.सी. पर ग्रेडड स्टोन एग्रीगेट की उपलब्धता, बिछाने, फैलाने एवं काम्पैटिंग कर वेट मिक्स मैकेडम का निर्माण, बिटूमिन इमल्सन (एस.एस.-1) द्वारा प्राईम कोट, बिटूमिन इमल्सन (आर.एस.-1) द्वारा टैंक कोट करना, उपयुक्त प्लान्ट मे मिश्रण कर 20 एम.एम. मोटाई की ओपन ग्रेडेड प्री-मिक्स कार्पेट उपलब्ध कराना, बिछाना एवं रोलिंग करना, बिटूमिनस सतह के रिक्त स्थानों को सील करने हेतु सौल कोट टाईप-बी (ii) बिटूमिन (व्ही.जी.-30) प्रदान करना एवं बिछाना तथा चयनित मिट्टी से सोल्डर का निर्माण करना जिसकी सी.वी.आर. वेल्यू 12 से कम न हो, कार्य में 12 माह की दोष दायित्व अवधि भी शामिल है, साथ ही कार्य पूर्ण होने के बाद संचालन एवं रखरखाव का कार्य सामान्तर रूप से किया जाना शामिल है। (टर्न की बेसिस) |
| अनुबंध की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | : | रु. 778.35 लाख (जी.एस.टी. के बिना) |
| धरोहर राशि (रुपएमें) | : | रु. 779000.00 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपएमें) | : | रु. 20000.00 (नान रिफन्डेबल) |
| निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक | : | 11-05-2026, 17:31 बजे से 30-05-2026, 17:30 बजे तक |
| धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक | | 02-06-2026, 10:30 बजे |
| कार्य पूर्णता अवधि | : | 12 माह (वषार्काल छोड़कर) |

- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है।
- निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करें ।

(डी.एल.वर्मा)
मुख्य अभियंता अपर नर्मदा ओन,
बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

जी-12826/26

**Office of the Civil Surgeon & Superintendent District Hospital, Bhopal**
**Jai Prakash Hospital District Bhopal**
(1250, TULSI NAGAR, BHOPAL) csjphbpl@gmail.com Tel: 0755-2985556
NO.:STORE/PUR/DH/2026 17009 BHOPAL, DATED: 08/05/26

Notice Inviting Tenders (NIT)

Civil Surgeon Cum Chief Hospital Superintendent, Jai Prakash District Hospital, Bhopal invites Online Bids from eligible and qualified bidders, meeting prescribed qualifying criteria for the supply, of Electric item, supply coolar, and plumbering item & repairing work etc. to Government of Madhya Pradesh. Any corrigendum, addendum, amendment, clarification, or modification related to the tender shall be uploaded from time to time on the website www.mptenders.gov.in. Bidders are advised to regularly visit the website for updates. Key Dates and E-Tendering Activities are as follows

| SNo. | Activity | Date and Time |
|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 15-05-2026 Time 11:15 AM |
| 02 | Document Sale Start Date | 16-05-2026 Time 11:20 AM |
| 03 | Pre Bid Meeting | 20-05-2026 Time 12:30 PM |
| 04 | Pre Bid Place | Room No. 21 Civil Surgeon Office "B" Block Jai Prakash Distt. Hospital Bhopal (Madhya Pradesh) |
| 05 | Bid Submission Start Date | 16-05-2026 Time 11:25 AM |
| 06 | Bid Submission End Date | 04-06-2026 Time 12:30 PM |
| 07 | Bid Opening Date | 05-06-2026 Time 03:00 PM |
| 08 | Website for Tender / Document / Corrigendum/Addendum | https://mptenders.gov.in |
| 09 | Tender Fee | INR. 1000/-(One Thousand Rupees Only) (1000+GST) and Applicable processing Fees as per mp tender website. |
| 10 | Earnest Money Deposit (EMD) | Total EMD of Rs. 30,000/- to be submitted online through e-procurement portal powered by NIC Only. However bidders are required to submit item wise EMD However, Micro and Small Enterprises (MSEs) and Startups registered in the State of Madhya Pradesh shall be exempted from payment of Tender Security / Earnest Money Deposit (EMD) as per applicable government rules. |
| 11 | Performance Security /Performance bank Guarantee (PBG) | Performance Security of 3% of the Contract Price in the form of Demand Draft / Bank Guarantee drawn from any Nationalized bank in favor of Civil Surgeon Cum Hospital Superintendent, Jai Prakash District Hospital, Bhopal, Payable at Bhopal. |
| 12 | Method of Selection | Lowest Financial offer of Qualified bidder in Technical Evaluation Criteria. |
| 13 | Bid Validity Period | 90 days from the date of opening of Technical Bid and Prior to the expiration of the bid validity. The TIA may request the bidders to extend the bid validity for further period as deemed fit |
| 14 | GSTIN of Civil Surgeon Bhopal | 23BPLJ00499C1D4 |
| 15 | Tender Value | Approx. Rs. 10,00,000 Lack (Ten Lack Rupees Only.) |

(Dr. Sanjay Jain)
Civil Surgeon Cum Hospital Superintendent,
Jai Prakash District Hospital, Bhopal

G-12830/26

## बिजनेस न्यूज

### आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में मेक इन इंडिया आईपीआर पर सेमिनार




**भोपाल।** मेक इन इंडिया केवल उत्पादन नहीं, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और बौद्धिक संपदा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का अभियान है"यह बात इंजीनियर प्रवीण गुप्ता ने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में मेक इन इंडिया के लिए आईपीआर"विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में कही। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर आयोजन समिति एवं प्रतिभागियों को बधाई दी तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार एवं अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय के. अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुसंधान, नवाचार एवं सृजनात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आरकेडीएफ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उद्योग, अनुसंधान एवं स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप्स एवं नवाचारकर्ताओं को बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व तथा "मेक इन इंडिया" एवं "आत्मनिर्भर भारत" के निर्माण में इसकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम में डीजीएम डॉ. बी.एन. सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल एवं डीएसडब्ल्यू डॉ. रत्नेश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला की समन्वयक डॉ. रश्मि द्विवेदी, सह-समन्वयक डॉ. संजय जैन एवं डॉ. सोहेल बक्स रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गगन शर्मा द्वारा किया गया।

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय की छात्रा भारती मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित



**भोपाल।** रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पीजी कॉलेज एवं चिकित्सालय एवं नीमा स्टूडेंट फोरम सेंट्रल काउंसिल के तत्वावधान में बीएएमएस सत्र 2020-21 अंतिम वर्ष के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम उन छात्रों के कठिन परिश्रम और समर्पण को समर्पित था जिन्होंने आयुर्वेद शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस समारोह में मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतिम वर्ष के प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रत्येक आयुर्वेद महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र भगवान दास सबनानी विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत सिंह चौहान अध्यक्ष रानी दुलैया आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ.उमेश शुक्ला प्राचार्य पं खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय डॉ.सपन जैन प्राचार्य एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ1विशाल शिवहरे निर्देशक एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ.हरेंद्र सिंह भदौरिया अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद नीमा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय की छात्रा भारती पाटीदार पुत्री अमृतलाल पाटीदार को महाविद्यालय में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपए नगद, प्रमाण पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह, स्टडी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारती पाटीदार की इस उपलब्धि पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेएन चौकसे, सचिवअनुपम चौकसे, कार्यकारी निदेशक धर्मेंद्र गुप्ता सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### इंदौर की बेटी 'क्रांति' को राष्ट्रीय सम्मान, शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित




**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर की सामाजिक कार्यकर्ता क्रांति को प्रतिष्ठित सीआईआई फाउंडेशन वुमन एक्जेम्पलर अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान प्रदान किया। क्रांति को यह राष्ट्रीय सम्मान उनके गरिमा अभियान के तहत किए गए जमीनी सामाजिक कार्यों के लिए मिला। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के बीच काम करते हुए 32 गांवों के 230 परिवारों में हाथ से मैला ढोने की अमानवीय प्रथा को समाप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों, गरिमा और पुनर्वास के प्रति जागरूक करने का व्यापक अभियान चलाया। पिछले कुछ वर्षों में क्रांति ने प्रशिक्षण, जागरूकता और परामर्श कार्यक्रमों के माध्यम से 40,000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई। उन्होंने हिंसा और भेदभाव का सामना कर रही 3,400 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई। क्रांति के प्रयासों से एक लाख से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और श्रम अधिकारों तक पहुंच मिली।

## अनुभव का लाभ मिलेगा

### भोपाल मंडी हरीश ज्ञानचंदानी बने एफएमपीसीसीआई प्रबंधन समिति के निर्विरोध सदस्य

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



भोपाल ग्रेन मर्चेंट एवं ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी को फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) की प्रबंधन समिति का सदस्य निर्विरोध चुना गया। उनके चयन से व्यापारिक और औद्योगिक क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल और चैतन्य कश्यप की उपस्थिति में एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने प्रबंध समिति सदस्य का दायित्व सौंपा और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं।हरीश ज्ञानचंदानी लंबे समय से व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। व्यापारियों के विश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक माना जा रहा है।

#### व्यापार और उद्योग को मिलेगी नई दिशा

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारिक नेताओं ने कहा कि फेडरेशन ऑफ एमपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश के व्यापारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नई प्रबंधन समिति से उद्योग, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक कार्यों की अपेक्षा की जा रही है।

### एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने 2026 के लिए प्रवेश की घोषणा की

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा में नवाचार लाने और भविष्य के ज्ञान क्षेत्रों में नई तरह की शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने अपनी उत्कृष्टता के 15 वर्ष पूरे करते हुए 2026 के लिए प्रवेश की घोषणा कर दी है। छात्र सीयूईटी और इपमैट स्कोर के जरिए आवेदन करके एनयूएटी यानी एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के एप्टीट्यूड टेस्ट से छूट पा सकते हैं और 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। एनयू उन अग्रणी निजी विवि में से एक है जो सीयूईटी स्कोर को मान्यता देती है और हाल के वर्षों में 2,00,000 से ज्यादा सीयूईटी अभ्यर्थियों ने एनयू को अपनी पसंदीदा यूनिवर्सिटी के रूप में चुना है। यूनिवर्सिटी नए जमाने के कई प्रोग्राम प्रदान करती है। ये प्रोग्राम छात्रों को भविष्य की प्रतिस्पर्धी दुनिया के अनुकूल कौशल से लैस करने के लिए तैयार किए गए हैं।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (MP)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No/2947/E-Tendering/NPN/2026 Narmadapuram Date 13-5-2026

Notice Inviting Tenders (NIT)
(1st Call)

Online Percentage rate bids for the following works are invited from Centralized registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria -

| SL No. | Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_505862_1 | Construction of RCC Drain and CC Road at Ward No 11 Radha Nagar Harne Colony Men Road to Prashanna Harne House Municipal Council Narmadapuram M.P. | 854368/- | 8544/- | 2000/- | 03 Months (with rainy Season) |

The Bid Document can be Download only online from 09/05/2026 (10.00) to 25/05/2026 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram

## चिंतन

# मतदाता सूची शुद्ध है ये दिखना भी जरूरी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव होते हैं। चुनाव तभी विश्वसनीय माने जाते हैं, जब मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और संदेह से परे हो। यही वजह है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का अभियान है। अब जब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे चरण की घोषणा कर दी है, तो यह जरूरी हो जाता है कि मतदाता सूची न केवल शुद्ध हो, बल्कि जनता को यह स्पष्ट रूप से दिखे भी कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। एसआईआर का तीसरा चरण 1 जुलाई से शुरू होगा। पिछले एसआईआर में मतदाता सूची को लेकर कई विवाद सामने आए। कर्नाटक में हजारों वोटर आईडी में मकान नंबर "0", "00", "77777" या "9999" दर्ज पाए गए। बिहार में भी करीब 2.92 लाख मतदाताओं के पते इसी तरह दर्ज होने का मामला सामने आया। विपक्ष ने इसे फर्जी मतदाताओं और चुनावी धांधली से जोड़कर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने सफाई दी कि बेघर, अनधिकृत कॉलोनियों या बिना नंबर वाले मकानों में रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से बाहर न करने के लिए ऐसे "नोशनल नंबर" दिए जाते हैं। यह तर्क मानवीय और समावेशी जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नहीं होगी तो संदेह की गुंजाइश बनी रहेगी। यदि मतदाता सूची में एक ही पते पर दर्जनों नाम दिखाई दें या हजारों घरों का नंबर "0" हो, तो आम मतदाता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि चुनाव आयोग को अब तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार की जरूरत है। आयोग द्वारा मकान नंबर की अनिवार्यता खत्म करने या नए फॉर्मेट पर विचार करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ मजबूत ग्राउंड वेरिफिकेशन और जवाबदेही भी जरूरी होगी। तीसरे चरण में 3.94 लाख बीएलओ और 3.42 लाख बीएलए को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा की गई एंट्री का डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। एसआईआर में पिछली जो गलतियां सामने आई, उन्हें भी इस बार ठीक करना होगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा देना प्राथमिकता होना चाहिए ताकि वे निष्पक्षता से काम कर सकें। इसके अलावा गर्मी का मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। विपक्ष के आरोपों, सुप्रीम कोर्ट के सवालों और चुनाव आयोग के जवाबों के बीच राजनीतिक टकराव भी तेज हुआ है। इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मतदाता सूची किसी एक दल की नहीं, पूरे लोकतंत्र की नींव है। हालांकि पिछली बार पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। अगले साल मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब, यूपी और गुजरात में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। अंततः, एसआईआर केवल मतदाता सूची सुधारने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास की परीक्षा भी है। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बचे। मतदाता सूची शुद्ध होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह दिखना भी है कि प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद है। यही लोकतंत्र की असली मजबूती होगी।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल की बर्बादी

**अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।**

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलाइनों में पानी-गैस भर जाती है।

इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार गृह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी की सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई हैं। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रही है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टैंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे



जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। कुछ साल पहले जापान में टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी। सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बावजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टैंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागासाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रोशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा, जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादे लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चला गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न कि अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## संदेश

डॉ. कविता सिंधु खरीटा



# पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबूत बनाएं। स्वदेशी अपनाना, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना, संसाधनों का संयमित उपयोग करना और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना ,यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। अंततः प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रहित आह्वान हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है। यदि भारत का हर नागरिक राष्ट्रहित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीख जाए, तो आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

- राधिका शुक्ला, अंबाला

## करंट अफेयर

# भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार




**लिस्बन।** भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, /"लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है।/" दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। अब भारत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। बयान में कहा गया, /"भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है।

## ऑफ बीट


# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है

डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।



## ट्रेंड

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?

**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित



दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

**-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।

**-अनुराग ठाकुर,** सांसद, भाजपा

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शांतिनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक आज

**औबेदुल्लागंज।** जैन धर्म में ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थी का विशेष धार्मिक



महत्व है। इस अवसर पर जैन समाज भगवान शांतिनाथ को स्मरण करते हुए तप, त्याग और आत्मकल्याण की भावना को आत्मसात करता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शांतिनाथ सोलहवें तीर्थंकर हैं और उनका जीवन मानवता को शांति, संयम और मोक्ष मार्ग की प्रेरणा देता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान शांतिनाथ ने ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थी के दिन तीर्थंकर पद प्राप्त किया था। जैन समाज में इस दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु भगवान शांतिनाथ के जीवन चरित्र का स्मरण कर आत्मशुद्धि, शांति और संयम का संकल्प लेते हैं।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 17 से

**मंडीदीप।** शहर के नजदीक समरधा के पास स्थित सिंग्नेचर एस-9 में बने शिव मंदिर प्रांगण में 17 से 23 मई तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सात दिवसीय इस कथा में भक्ति रस और संगीत की अनुपम झलक देखने को मिलेगी, जिसमें श्री राधा नाम का जयघोष पूरे परिसर में गूंजेगा। कथा के आयोजक जसवंत सिंह रघुवंशी ने बताया कि कथा का श्रवण श्री श्री 108 ब्रह्मचारी महाराज के श्रीमुख से होगा। कथा से पूर्व 17 मई दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा प्रतिदिन सायंकालीन सत्र में आयोजित होगी।

### श्री धाकड़ नागर समाज का प्रतिनिधि मंडल विधायक पटवा से मिला

**औबेदुल्लागंज।** श्री धाकड़ नागर समाज के मुख्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष चंद्रसिंह नागर ईटाया के नेतृत्व में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा से सौजन्य भेंट कर समाजहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं धाकड़ समाज उपाध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर एवं सचिव कैलाश डब्बू नागर, तेजसिंह नागर, राजेश नागर, ब्रजमोहन नागर, महेश नागर, राजेंद्र नागर ईटाया, नीतेश नागर आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के दौरान कई लोगों के झुलसने से हुई मौत पर शोक व्यक्त किया है साथ ही घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भगवान से कामना की है। खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 8327 | | |
| दिनः | 679 | 20 | 479 |
| रातः | 266 | 42 | 589 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 169 | 60 | 578 |
| रातः | 336 | 27 | 278 |

संचालक ने लगाई कार्रवाई की गुहार, कहा- आरोपी को संरक्षण दे रही है पुलिस

# अस्पताल संचालक से 10 लाख रु. की अड़ीबाजी, आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के निशातपुरा स्थित निजी अस्पताल के संचालक से अड़ीबाजी करने वाले एडवोकेट धनराज राजपूत, आरटीआई कार्यकर्ता नीरज यादव और कथित पत्रकार, यू-ट्यूबर अक्षय शर्मा की गिरफ्तारी नहीं होने से दुखी अस्पताल संचालक ने आलाधिकारियों को शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार राजकुमार सूर्यवंशी (38) नवीबाग में रहते हैं और मूलतः विदिशा के रहने वाले हैं। राजकुमार करोंद में एक निजी अस्पताल का संचालन करते हैं। गत 24 अक्टूबर 2025 को उनके पास नीरज यादव पहुंचा और उसने खुद को आरटीआई कार्यकर्ता बताया। उसने कहा कि



आपके अस्पताल आरटीआई से जानकारी प्राप्त की है।

अस्पताल में कई खामियां निकली। इसके लिए दस लाख रुपए की व्यवस्था कर लो नहीं तो अस्पताल पर ताला लग जाएगा। 3 फरवरी को नीरज यादव अपने साथी अक्षय शर्मा और धनराज राजपूत को लेकर करोंद गया। वह चाय की होटल पर फिर लेनदेन की चर्चा हुई। इस दौरान छह लाख रुपए पर मामला खत्म करने की बात हुई। इस पर राजकुमार सूर्यवंशी ने कहा कि वह एक रुपए भी नहीं देगा, जो करना है कर लों। इस पर आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द भी कहे थे। घटना का वीडियो राजकुमार सूर्यवंशी ने पुलिस को सौंपा था।

इसके बाद पुलिस ने 14 फरवरी 2026 को आरटीआई एक्टिविस्ट नीरज यादव, कथित पत्रकार यूट्यूबर अक्षय शर्मा, एडवोकेट धनराज राजपूत के खिलाफ अड़ीबाजी, जातिसूचक शब्द कहने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। करीब तीन महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है।

#### मोबाइल से किया स्टिंग

*राजकुमार सूर्यवंशी ने पुलिस को बताया कि गत अक्टूबर महीने से आरोपी उनसे अड़ीबाजी कर रहे थे। अड़ीबाजी की शिकायत पर पुलिस से करना चाहते थे, लेकिन उनके पास पर्याप्त सबूत नहीं थे। उन्होंने आरोपियों का मोबाइल पर स्टिंग किया। स्टिंग का वीडियो पुलिस को सौंपते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में नीरज यादव, अक्षय शर्मा और धनराज राजपूत पर अड़ीबाजी, एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था।*

संभाग के चारों वितरण केंद्रों के ग्रामों में लगे विशेष शिविर

# उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी 90 फीसदी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज संभाग में गुरुवार को संपर्क अभियान के तहत संभाग के विभिन्न वितरण केंद्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 90% शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया।

इन शिविरों में विभाग के आला अधिकारी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित। औबेदुल्लागंज वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलानी खुर्द में लगे विशेष शिविर में क्लस्टर 1 के सभी ग्राम भनपुरा, कुमडी, पिपलानी खुर्द, बरखेड़ा पठार, बरखेड़ा, ताजपुरा,



अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित शिविर में पहुंचे ग्रामीण।

आंकलपुर, बांसगहन के उपभोक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर अपनी अपनी विभिन्न समस्याएं बताई। शिविर में कुल 53 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 48 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 5 शिकायतें लंबित रही, जिनके निराकरण के लिए शिकायतों को अग्रेषित किया गया है।

कटारा हिल्स पुलिस पर बदतमीजी करने का आरोप

# ट्विशा को न्याय दिलाने मायके पक्ष ने किया हंगामा, तख्ती लेकर पहुंचे थाने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन, लहारपुर में रिटायर्ड जज की बहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में परिजन का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

बेटी को न्याय दिलाने के लिए बुधवार रात ही परिजन कटारा हिल्स थाने पहुंच गए। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने उनकी नहीं सुनी और थाने का दरवाजा बंद कर दिया। इधर, कटारा हिल्स पुलिस का कहना है कि परिजन खुद पुलिस की कार्रवाई नहीं करने दे रहे हैं।

पुलिस बयान और जांच में लगी है, जबकि परिजन जल्दबाजी कर रहे हैं। परिजन गुरुवार को महिला थाने पर तख्ती लेकर पहुंचे थे। वहां भी पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। परिजन का कहना है कि 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इधर, पुलिस का कहना है कि बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कार्रवाई की जा सकेगी।

*कटारा हिल्स पुलिस का कहना- परिजन खुद पुलिस को कार्रवाई नहीं करने दे रहे, बयान दर्ज किए जा रहे*



थाने में ट्विशा के परिजन न्याय की गुहार लगाते हुए। इनसेट में मृतका ट्विशा अपने पति के साथ।

#### परिजनों ने लगाया अधिवक्ता पति पर सबूत मिटाने का आरोप

*परिजन ने ट्विशा के पति सामर्थ शर्मा पर हत्या और सबूत मिटाने के आरोप लगाए। उनका कहना है कि पुलिस कथन दर्ज करने के बावजूद कार्रवाई में देरी कर रही है। ट्विशा के भाई मेजर हर्षित शर्मा ने बताया कि बुधवार रात परिजन इंसाफ की मांग लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें देखकर थाने का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। रात करीब 12 बजे तक थाने के बाहर खड़े रहे, लेकिन किसी पुलिस अधिकारी ने उनसे बात तक नहीं की। परिजन का कहना है कि सामर्थ अधिवक्ता है और मां रिटायर्ड जिला जज है। लिहाजा उनके रसूख के कारण पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।*

### पड़ोसी से विवाद और धमकी से डरे युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भोपाल।** रचना नगर अंडर ब्रिज पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह की है। युवक का रात में पड़ोसी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद पड़ोसी ने उसे धमकी दी थी। परिजन का आरोप है कि धमकी से डरकर युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी है। हालांकि पुलिस को युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। गोविंदपुरा पुलिस ने परिजन के बयान दर्ज कर लिए है। जल्द ही आरोपी पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया जा सकता है। पुलिस के अनुसार 27 साल का अशोक बामने जनता कॉलोनी, रचना नगर में रहता था और केटरिंग का काम करता था। मंगलवार रात उसके परिवार का पड़ोस में रहने वाले परिवार से विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर मारपीट भी हुई। पड़ोसियों ने उसे जान से खत्म करने की धमकी दी थी।

छात्रा भाविका वाधवानी को मिले 97.4% अंक

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025–26 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि कुल 107 छात्राओं में से 6 छात्राओं ने 95% से अधिक एवं 18 छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 51 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बनाए रखा। विद्यालय की छात्रा भाविका वाधवानी (कामर्स स्ट्रीम) ने 97.4%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कामर्स स्ट्रीम की छात्रा-चेष्टा तोलानी ने 96.4%, दृष्टि खुबानी व पावनी अग्रवाल ने 96.2%, सुहानी बसंतानी ने 95.6% तथा सांइस स्ट्रीम की छात्रा रोशनी आसवानी ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। भाविका वाधवानी ने एंटरप्रेन्योरशिप विषय में, स्नेहा खुशालानी ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में तथा वंशिका आसवानी ने योग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किया है।



चेष्टा तोलानी



दृष्टि खुबानी



पावनी अग्रवाल



सुहानी बसंतानी



रोशनी आसवानी

## शादी के एक साल बाद नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मदर इंडिया कॉलोनी में शादी के एक साल बाद ही नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मायके पक्ष ने पति पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरती उर्फ रिंकी पति संजय (21) मूलतः खुरई जिला सागर की रहने वाली थी। एक साल पहले ही उसकी शादी संजय से हुई थी। संजय मजदूरी करता है और परिवार के साथ मदर इंडिया कॉलोनी में रहता है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात आरती ने झुग्गी में फांसी लगा ली।

विधायक खत्री ने क्षेत्रवासियों को दी लाख रुपए के विकास कार्य की सौगात

# बैरसिया से सेमरीकलां और झिरनिया कांकड़ से कचनारिया तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैरसिया

बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामवासियों के लिए गुरुवार का दिन विकास के नए अध्याय के रूप में यादगार बन गया। क्षेत्र के ग्राम सेमरीकलां मार्ग निर्माण कार्य जिसकी लागत 169.59 लाख रुपए और लंबाई 1.10 किमी एवं झिरनिया कांकड़ से कचनारिया तक निर्मित नवीन सड़क मार्ग का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री द्वारा किया गया।

करीब 285 लाख रुपए से तैयार इस सड़क की लंबाई 3.2 किलोमीटर है। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम शाम 5 बजे ग्राम झिरनिया कांकड़ में





लोकार्पण समारोह में लोगों को संबोधित करते विधायक विष्णु खत्री।

आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र की प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस नई सड़क से आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

### क्षेत्र में दो नई सड़कों के निर्माण से गांवों को मिलेगा मजबूत संपर्क

**औबेदुल्लागंज।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भोजपुर



विधानसभा क्षेत्र के भोजपुर मंडल को दो नवीन सड़कों की सौगात मिली है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। विधायक पटवा ने इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा नई सड़कों के निर्माण से गांवों की तरक्की को मजबूती मिलेगी और लोगों को आवागमन में सहूलियत प्राप्त होगी। योजना के तहत चिकलोद खुर्द से देवीपुरा तथा भोजपुर रोड से भीमखेड़ा बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी।

हेवू, हेस्टू और भेक्टू के पदाधिकारी ने भेल महाप्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

# भेल कर्मचारी संगठनों ने आर्टिजन के लिए मांगा 29,500 रुपए वेतनमान



भेल महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टीयू सिंह को मांग पत्र सौंपते यूनियन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बीएचईएल, भोपाल में गुरुवार को जेसीएम पात्रधारी एवं मान्यता प्राप्त यूनियनों-हेवू भारतीय मजदूर संघ, हेस्टू (एचएमएस) एवं भेक्टू (सीआईटीयू) के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टीयू सिंह से भेंट कर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हेवू भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कमलेश नागपुरे, हेस्टू (एचएमएस) के महासचिव हेमंत सिंह, भेक्टू (सीआईटीयू) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सादिक खान सहित सभी यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त आर्टिजन कर्मचारियों को समेकित वेतन के स्थान पर संशोधित वेतनमान एस3 ग्रेड 29,500 और डीए प्रदान किए जाने की प्रमुख मांग रखी। साथ ही कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मजबूती से उठाया गया।

#### कार्यस्थल की दशा सुधारने की मांग

कैंटीन सुविधाओं के अंतर्गत कैंटीन को सेंट्रलाइज्ड एसी युक्त करने, रोटी बनाने की नई मशीन लगाने, प्रशिक्षित कुक की भर्ती करने तथा आधुनिक किचिन विकसित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। बोनस संबंधी मांग के अंतर्गत कर्मचारियों को पीपी बोनस 60,000 रुपए प्रदान किए जाने की मांग की गई। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना गया एवं सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया गया। यूनियनों ने प्रबंधन से मांग की है कि कर्मचारियों की इन सभी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए जेसीएम बैठक जल्द बुलाई जाए, ताकि कर्मचारियों को न्यायोचित लाभ प्राप्त हो सके।

बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में समर्पण दिवस का किया आयोजन

# जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है तो हम उसे प्रेम व संवेदनशीलता से शांत करें: माता सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर

श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में हुआ। इस अवसर पर संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ।

इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों का श्रवण



सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज

कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने अपने आशीर्वचनों में फरमाया कि बाबा का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा।

#### सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीए

बाबा जी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीए। सतगुरु माता ने फरमाया कि यदि किसी के जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है, तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे शांत करना है। जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करे।

सीएमओ को ज्ञापन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई से बिफरे

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद के अध्यक्ष पति का नगर परिषद में हस्तक्षेप रोकने पार्षद खटीक ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज

नेता प्रतिपक्ष, पार्षद और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने चेतावनी देते हुए कहा कि नगर परिषद औबेदुल्लागंज घेराव कर आंदोलन करेंगे।



राजेश खटीक, पार्षद

राजेश खटीक ने बताया कि मैं सीएमओ नगर परिषद किरण रहंगडाले औबेदुल्लागंज को ज्ञापन दिया था कि नगर परिषद के अध्यक्ष पति का नगर परिषद में हस्तक्षेप रोका जाए, प्रधानमंत्री आवासों का सत्यापन कराया जाए, सरकारी जमीन पर वार्ड 4 में प्लॉट बनाकर बेचे गए, सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाए। बिजली दफ्तर के सामने एक कॉलोनाइजर ने नाले पर कब्जा कर नल को तोड़कर उसमें गिट्टी भरकर प्लॉट बनाने से पार्षदों सहित स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने कहा कि शीघ्र नाले से कब्जा हटाया जाए, नल की सफाई की जाए।

राजेश खटीक और 8 पार्षदों ने रोष व्यक्त किया कि मुख्य रोड पर स्वच्छता दिखाने के लिए गमले रखे, टूटा डिवाइडर को पुतवाया दिया, जिससे स्वच्छता देख, मगर वार्डों में तो गंदगी भारी पड़ी है। वार्ड 8, 9,10,11, 14 और 14 में हर तरफ गंदगी फैली हुई है।

### पार्षदों व नेताओं की आवाजों को भी किया अनसुना

भाजपा के वरिष्ठ नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, माखन सेन, आरती यादव, सफाई एम्बेसडर पुरुषोत्तम शर्मा आदि भी समय-समय पर नगर परिषद में हो रही कमीशन बाजी के कारण सफाई कार्य ठप, सड़कों की मरम्मत के कार्य, नगर में रोजाना लग रहे जाम और दुकान तोड़ने से बेरोजगार हुए दुकानदारों को रोजगार दिलाने के लिए लगातार आवाज उठते रहे हैं, मगर सुनवाई आज तक नहीं हुई। नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले ने बताया कि मुझे ज्ञापन मिला है और शिकायत भी आ रही है। नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल ने फोन पर बताया कि मुझे भी कई शिकायत मिल रही है।

#### प्रधानमंत्री आवास और स्वच्छता के कार्य में गड़बड़ी

नेता प्रतिपक्ष और 8 पार्षदों ने कहा प्रधानमंत्री आवास और स्वच्छता पर भारी खर्च दिखा गया है। यह खर्च जीपों और कारों में डीजल डलवाना भी बताया है, जबकि हकीकत यह है कि यह पेट्रोल और डीजत प्राइवेट कारों में डलाया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तर पर जांच होना चाहिए। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने कहा कि 2026 जनवरी से मई 2026 तक काटे गए चेक और फर्जी बिल वाउचर बनाकर राशि निकाली गई है। 30,000 से 50,000 के काटे चेकों का रिकॉर्ड जब्त कर उनका सत्यापन कराया जाए।

# युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष शर्मा ने टीटी नगर स्टेडियम में ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत भोपाल स्थित टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित समारोह में युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं विकास के संकल्प के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए युवा कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों एवं नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाजपा कार्यालय से तात्या टोपे स्टेडियम तक के स्वागत यात्र मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं खिलाड़ियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने टीटी नगर स्टेडियम पहुंचकर विधिविधान से अपने दायित्व का औपचारिक रूप से ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे।

### मप्र की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण और रजत पदक

# प्रथा राठौड़ ने जीता स्वर्ण एवं रजत पदक

**मप्र राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ियों ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में बढ़ाया प्रदेश का गौरव**

**24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में प्रथा राठौड़ और प्रार्थना सेन ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में चल रही 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के अंतर्गत गुरुवार को 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (वुमेन) स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन युथ महिला वर्ग में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रथा राठौड़ ने स्वर्ण पदक अर्जित किया।

इसके साथ ही उन्होंने जूनियर वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं सीनियर वर्ग में भी प्रथा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान हासिल किया।




### अकादमी की प्रार्थना सेन ने भी साधा पदक पर निशाना

अकादमी की होनहार खिलाड़ी प्रार्थना सेन ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए युथ वर्ग में रजत पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त जूनियर वर्ग में उन्होंने पांचवां स्थान प्राप्त कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में उनके निरंतर प्रदर्शन और आत्मविश्वास ने दर्शकों एवं विशेषज्ञों को प्रभावित किया।

### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

समस्त पदक विजेता खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

# फ्रांस में वर्ल्ड कप के लिए खुशी दाभाडे करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य फेंसिंग अकादमी, भोपाल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशी दाभाडे का चयन प्रतिष्ठित फाई वूमन एपी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 22 से 24 मई तक फ्रांस में आयोजित होगी। पूरे देश से केवल चार खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जिनमें मप्र की खुशी दाभाडे का नाम शामिल होना प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखेगा मध्यप्रदेश का दम

खुशी दाभाडे ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश राज्य फेंसिंग अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही खुशी लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करती रही हैं, जिसके आधार पर उनका चयन भारतीय टीम में किया गया है। अब वे फ्रांस में आयोजित इस प्रतिष्ठित विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### संघर्ष, समर्पण और मेहनत की प्रेरणादायक कहानी

साधारण परिवार से आने वाली खुशी दाभाडे की सफलता हजारों युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी माता एक नर्स के रूप में कार्यरत हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने खुशी के सपनों को पूरा करने में हर संभव सहयोग दिया। कठिन परिस्थितियों के बीच भी खुशी ने अपने लक्ष्य से कभी ध्यान नहीं हटाया और लगातार मेहनत करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सफर तय किया। उनकी यह उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर प्रयास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### गिल्ट फ्री प्रेजेंट 10वां स्व. राजा अली टी20 क्रिकेट डे-नाइट टूर्नामेंट 2026

# वेदांत सुपर किंग की खिताबी जीत, गोल्डन टाइगर्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित गिल्ट फ्री प्रेजेंट 10वां स्व. राजा अली टी20 क्रिकेट डे-नाइट टूर्नामेंट 2026 का समापन बुधवार को हो गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला वेदांत सुपर किंग और गोल्डन टाइगर्स के बीच खेला गया, जिसमें वेदांत सुपर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

इस जीत के साथ वेदांत सुपर किंग ने 2 लाख रुपए की विजेता राशि हासिल की, जबकि उपविजेता गोल्डन टाइगर्स को 1 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले फाइनल मुकाबले में गोल्डन टाइगर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 142 रन बनाए। इनमें अब्दुस समद ने 53 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि पियूष राज ने 26 और लोकेश मालवीय ने 22 रन बनाए। वेदांत सुपर के सौरभ राजपूत को 2, जी वकार आलम और शरीक उर रहमान को 1-1 सफलता मिली। जवाब में वेदांत सुपर किंग के यश जांगिर ने 48 और आयुष कुशवाहा ने 36 रन बनाए। वहीं सौरभ राजपूत ने 25 और नरेश बागले ने 17 रनों का योगदान देकर टीम को 18.2 ओवर में 144/5 तक पहुंचाया। गोल्डन टाइगर्स के अलीजार खान और सलमान ने 2-2 विकेट हासिल किए। फाइनल मुकाबले में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सौरभ राजपूत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




### आज नर्मदापुरम टीम के साथ होगा मुकाबला

# मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने फेथ को हराकर किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही 14वीं स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता एवं रमेश शर्मा गुट्टू भैया ट्रॉफी के अंतर्गत गुरुवार को फेथ क्रिकेट क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 39 रनों पर पूरी टीम धराशाई हो गई। इनमें तनिष्क यादव ने 15, अभी अग्निहोत्री ने 13 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। मयंक अकादमी की ओर से शिवांश चतुर्वेदी 6 अक्षय सोलंकी और प्रारब्ध मिश्रा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मयंक क्रिकेट अकादमी ने 40 रन का लक्ष्य मात्र 7 ओवर में एक विकेट खोकर बना लिया। इनमें अरबाज ने 19, निश्चय ने 10 रन बनाए। दोनों बल्लेबाज नॉट आउट लोट मयंक क्रिकेट अकादमी की ओर से 6 विकेट लेने वाले शिवांश चतुर्वेदी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी मनोज भटनागर के द्वारा दिया गया। शुक्रवार को फाइनल मैच मयंक और नर्मदापुरम के बीच खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण खेल मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राजीव वर्मा, स्वस्तिका चक्रवर्ती, संजय कुमार एलआईसी उपस्थित रहेंगे।




### पहले दिन 10 टीमों के हुए मैच

# रियाज कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब, जिया हाउस कोहेफिज़ा द्वारा आयोजित चार दिवसीय रियाज़ कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट 16 मई तक चलेगा, जिसमें प्रदेशभर की लगभग 28 से 32 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस रियाज इकबाल एवं अरुणेश्वर सिंहदेव (डीईओ) भोपाल मंडल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एमपीसीए की वित्त समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब के संचालक एवं संस्थापक शाहबाज़ कौसर और सुफियान अली ने बताया कि पहले दिन 10 टीमों के शानदार मैच हुए। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 45 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## भोपाल

### कोर्स वर्क को ऑनलाइन करने वीसी ऑफिस में एकत्रित हुए पीएचडी छात्र

# ऑनलाइन कोर्स वर्क करवाने के लिए वीसी से मिले 200 विद्यार्थी, बोले-कल आना

**बीयू में हीट वेव अलर्ट के दौरान भी चल रहीं पीएचडी कोर्स वर्क की क्लास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्विद्यालय में भीषण गर्मी के दौरान भी पीएचडी कोर्स वर्क की ऑफलाइन कक्षाएं भरी दोपहर में संचालित हो रहीं है। गर्मी में आने जाने के कारण कई छात्र छात्राएं बीमार व उल्टी दस्त का शिकार हो रहे हैं। ड्रिप लगवाकर क्लास लेने आना पड़ रहा है, क्योंकि 75% उपस्थिति अनिवार्य है। बार बार आवेदन देने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोर्स वर्क की कक्षाओं ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है।



इसी इसी क्रम में गुरुवार को विश्वविद्यालय में चल रही कोर्स वर्क की कक्षाओं के समस्त 7 बैच से लगभग 200 विद्यार्थी वीसी से मिले। इस दौरान वीसी ने कल आने को कहा। ज्ञात हो की मध्य प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय में ऑनलाइन और हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। हीट वेव अलर्ट के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन ऑफलाइन क्लास के लिए अड़ा हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन क्लास के लिए कहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया अमानत में खयानत का प्रकरण

# किराए पर चलाने के नाम पर ली स्कार्पियो पिता-पुत्र ने हड़पी, डेढ़ लाख में रखी गिरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिता-पुत्र ने 33 हजार 500 रुपए मासिक किराए के नाम पर किराए पर ली स्कार्पियो हड़प ली। किराए के नाम पर ली गई स्कॉर्पियो का न तो किराया दिया और न ही गाड़ी लौटाई। हद तो उस समय हो गई जब आरोपी पिता पुत्र ने लाखों रुपए की स्कॉर्पियो महज डेढ़ लाख रुपए में गिरवी रख दी। स्कॉर्पिया का मालिक लंबे समय तक बागसेवनिया थाने के चक्कर काटता रहा, लेकिन पुलिस ने घटनास्थल का हवाला देकर उसकी शिकायत पर एफआईआर नहीं की। हालांकि जब मामला आलाधिकारियों की संज्ञान में आया तो अमानत में खयानत की धाराओं में एफआईआर कर ली गई।

पुलिस के अनुसार मद्रासी कॉलोनी पंचशील नगर निवासी अबसार खान ने अपनी स्कार्पियो गाड़ी शुभांश मिश्रा और उसके पिता आशीष मिश्रा को किराए पर चलाने के लिए दी थी। शुभांश और उसके पिता लहारपुरा बाग मुगलिया एक्सटेंशन के रहने वाले हैं। इसका अनुबंध 9 मार्च 2026 को शुभांश मिश्रा ने पिपलानी इलाके से कराया था। स्कार्पियो का महीने का किराया 33 हजार 500 रुपए तय हुआ था। अबसार खान का कहना है कि शुभांश मिश्रा ने एक बार भी मुझे किराया नहीं दिया है। वह जब भी पिता-पुत्र से किराया लेने जाते हैं तो वे कहते हैं कि गाड़ी कहीं चोरी हो गई है। फरियादी ने अपने स्तर पर गाड़ी का सुराग लगाया तो पता चला कि गाड़ी करोंद में रहने वाले जमीर खान के पास है। अबसार ने जमीर से बात की तो उसने बताया कि मुझे शुभांश और उसके पिता से डेढ़ लाख रुपए लेना है। जब तक वो लोग पूरा पैसा नहीं देंगे, तब तक मैं गाड़ी नहीं दूंगा।

### श्रमदान सप्ताह का पांचवां दिन

# एक दिन में रिकॉर्ड 22 चैक डैम बनाए: डॉ. पालीवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए 10 मई को शुरू हुए श्रमदान सप्ताह के पांचवें दिन एक दर्जन श्रमदानी झिरी स्थित उद्गम स्थल पहुंचे। कड़ी धूप के बावजूद 22 नए चैक डैम बने। इस वर्ष पांचवें दिन तक के श्रमदान में पिछले वर्ष बने 55 चैक डैम की मरम्मत के अलावा 30 नए चैक डैम बन चुके हैं और सबसे ऊंचे पार्वती कुंड को पुनर्जीवित किया गया है जो आठ फीट मलबे में दबकर पूरी तरह बंद हो चुका था। आज उस कुंड में एक फीट से अधिक पानी जमा मिला जिससे इलाके के वन्यजीव प्यास बुझा रहे हैं।

### हबीबगंज थाना पुलिस ने की कार्रवाई

# एटीएम मशीन से बैट्रियां चुराने वाला चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने एटीएम मशीन में लगी बैट्री चुराने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 11 एमरॉन कंपनी की बैट्री बरामद की हैं। आरोपी ने करीब एक सप्ताह पूर्व पीएनबी की शाहपुरा शाखा के एटीएम से कुल 16 बैट्री चोरी की थीं। रिमांड पर लेकर आरोपी से पांच अन्य बैट्रियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के शहर के 10 थाना क्षेत्रों में बैट्री चोरी की कुल 19 वारदात को अंजाम देना कुबूल किया है। आरोपी के खिलाफ कोहेफिजा, टीला जमालपुरा, अशोका गार्डन व कोलार थाने में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम व एमव्ही एक्ट की धारा समेत चार प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार शाहपुरा गांव शाहपुरा निवासी रविन्द्र वर्मा (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर हैं। विगत 8 मई की रात पौने नौ बजे पीएनबी की शाहपुरा शाखा 1100 क्वार्टर हबीबंगज का बैंक आफिस बंद करके तथा बाहर एटीएम मशीन को चैक करके अपने घर चले गए थे। अगले दिन 9 मई व 10 मई को अवकाश होने से बैंक बंद रहा। 11 मई की सुबह वह बैंक गए थे। शाम करीब पांच बजे बैंक के बाहर लगी एटीएम मशीन बंद हो गई। शाम करीब साढ़े सात बजे उन्होंने यूपीएस चैक करने के लिए इंजीनियर को बुलाया।

### पूजा-पाठ के बहाने शातिर आरोपी ने हड़पे पौने 2 लाख रुपए

# पति पर संकट का डर दिखाकर शातिर यू-ट्यूबर ने महिला से की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलानगर पुलिस ने टीचर की पत्नी की शिकायत पर यू-ट्यूबर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दरअसल, आरोपी पूजा-पाठ के वीडियो अपने चैनल पर डालता है और खुद को बाबा बताता है। टीचर की पत्नी उसके वीडियो देखती थी। पति पर संकट आने का डर दिखाकर आरोपी बाबा ने महिला से दिए क्यूआर कोड पर कुल 1 लाख 75 हजार 700 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

**आरोपी का चैनल देखती थी पीड़िता**

पुलिस ने बताया कि प्रेमपुरा भदभदा रोड निवासी रविन्द्र सिंह बघेल (48) आदर्श पब्लिक हाई स्कूल में अध्यापक हैं। उनकी पत्नी नेहा बघेल ने साल 2025 में यू-ट्यूब पर पूजा-पाठ से संबंधित वीडियो देखने पर दिए गए दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया। उनकी विश्वनाथ बाबा नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। बाबा ने नेहा बघेल से फोटो, नाम व पता मंगाया। उसने नेहा को बताया कि उसके पति रविन्द्र सिंह पर संकट आने वाला है। पूजा-पाठ कराने से संकट समाप्त हो जाएगा। इसके बाद आरोपी विश्वनाथ बाबा ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक क्यूआर कोड भेजा और उस क्यूआर कोड पर नेहा बघेल से अलग-अलग तिथियों में 11 बार कुल एक लाख 75 हजार 700 रुपए की राशि अपने बताए खाते में ट्रांसफर करा ली। फरियादी रविन्द्र सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात आरोपी ने झूठे पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र के नाम पर विश्वास में लेकर उसकी पत्नी के साथ एक लाख 75 हजार 700 रुपए की साइबर ठगी की है। पुलिस ने बताया कि फरियादी ने साइबर ठगी की शिकायत एक मई 2026 को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस का कहना है कि जालसाज के मोबाइल नंबर व बैंक खाते की जानकारी के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### शेष गिरफ्तारियों के लिए पुलिस की टीम दे रही दबिश

# युवक के मुंह पर कालिख पोतने, जुलूस निकालने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में होटल में युवती के साथ मिले मुस्लिम युवक से मारपीट करने और उसके मुंह पर कालिख पोतकर गोबर लगाकर जुलूस निकालने के मामले में पुलिस अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग है, जिसे किशोर न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस को उक्त मामले में चार अन्य आरोपियों की तलाश है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम रवाना की गई है।

जानकारी के अनुसार गौतम नगर स्थित एक होटल में शनिवार दोपहर हिंदू युवती के साथ मिले मुस्लिम युवक से कुछ युवकों ने जमकर मारपीट की थी। उसे अर्धनग्न कर उसका जुलूस निकाला। मुंह पर स्याही पोती और गोबर लगाया। करीब एक घंटे तक युवक को सड़क पर घुमाते रहे और उसे अधर्मी और जिहादी बताया गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवकों के सामने वह भी बौनी नजर आई। पुलिस युवकों का विरोध करती रही और नारेबाजी के बीच युवक को सड़कों पर युवक घसीटते रहे। युवक के साथ हुए इस अमानवीय व्यवहार से समुदाय विशेष ने विरोध करते हुए कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर दिया था। इतना ही नहीं रात में विशेष समुदाय के लोग एकत्रित हो गए थे। इस दौरान नारेबाजी हंगामा और तोड़फोड़ भी हुई थी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस का भारी बल तैनात किया गया था। लगातार स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने उक्त मामले में बृजेंद्र प्रजापति, प्रतीक चौकसे, लालाराम मीणा, रमेश, नाबालिग, अजय, अमन को गिरफ्तार किया है।

सीएम सुवेंदु ने किए 5 बड़े फैसले

# स्कूलों में वंदे मातरम किया अनिवार्य, पशु वध पर लगाई रोक, बांग्लादेश सीमा पर होगी फेंसिंग, आयुष्मान योजना और बीएनएस को दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी लगातार बड़े और निर्णायक फैसले लेते नजर आ रहे हैं। स्कूलों में 'वंदे मातरम' को अनिवार्य करने से लेकर सार्वजनिक जगहों पर पशु वध पर सख्ती, बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग, आयुष्मान भारत योजना लागू करने और भारतीय न्याय संहिता (बीएमएस) लागू करने जैसे कदम उठाए हैं।

लगातार और निर्णायक फैसले कर रहे मुख्यमंत्री


सीएम सुवेंदु अधिकारी

## स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य

सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की सभा के दौरान राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य होगा। स्कूल शुरू होने पर होने वाली सभा में प्रत्येक छात्र को राष्ट्रगीत के गायन में भाग लेना होगा। संस्थानों के प्रमुखों को सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है। अगले सोमवार से प्रार्थना गीत के रूप में 'वंदे मातरम' होगा।

## बूचड़खानों पर सख्ती, खुले में पशु वध नहीं होगा

सरकार ने पशु वध को लेकर सख्त नियम लागू करते हुए नया संशोधित नोटिस जारी किया है। सरकार ने 1950 के पश्चिम बंगाल एनिमल स्लॉटर कंट्रोल एक्ट और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी गाय या भैंस का वध बिना आधिकारिक फिटनेस सर्टिफिकेट के नहीं किया जा सकेगा।

## बांग्लादेश सीमा जमीन सुरक्षित होगी

कैबिनेट ने बीएसएफ को बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। सुवेंदु ने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन देना उनके प्रमुख प्रस्तावों में से एक था।

## केंद्र सरकार की सभी योजनाएं लागू होंगी

केंद्र की आयुष्मान योजना को बंगाल में लागू कर दिया गया है। पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को लागू करने का वादा किया था। 'जन आरोग्य योजना' और प्रधानमंत्री की अन्य योजनाएं भी यहां लागू की जाएंगी।

## भारतीय दंड संहिता के सभी कानून लागू होंगे

बंगाल सरकार ने सोमवार से पुरानी भारतीय दंड संहिता को त्याग कर बीएमएस को लागू करने का फैसला लिया है। केंद्र के 16 जून 2025 के जनगणना निर्देश को बंगाल में तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया।

## भाजपा के रथींद्र बोस बनेंगे विधानसभा अध्यक्ष

भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक रथींद्र बोस को पश्चिम बंगाल की



18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है। बोस कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुवेंदु ने कहा किउम्मीद है कि रथींद्र बोस की उम्मीदवारी को सभी दलों का समर्थन मिलेगा।

सत्ता संभालते ही सीएम विजय का ऐलान

## 16 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स का 2% बढ़ाया महंगाई भत्ता

**चेन्नई।** सीएम विजय ने तमिलनाडु के सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के



लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान किया। अब डीए 60 प्रतिशत हो गया है। 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इससे करीब 16 लाख सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक में घुसी स्कार्पियो परिवार के 4 की मौत

**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर स्कॉर्पियो गैस सिलेंडर लदे ट्रक से जा भिड़ी।



हादसे में स्कॉर्पियो के चालक सहित 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा सभी मृतक और घायल आजमगढ़ के रामगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो कबरई जा रहे थे।

### गृह मंत्री शाह से मिले सीएम योगी, चर्चा की

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने



गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। विभागों के बंटवारे पर फैसला हो गया है।

### अनिल के 7 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कहा कि उसने रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में से एक रिलायंस



कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में 7 परिसरों पर तलाशी ली है। ब्यूरो ने कहा कि ये परिसर मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलूरू में फैले हुए थे। यह तलाशी अभियान कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर चला।

### मणिपुर के 3 जिलों में बंद से जनजीवन प्रभावित


**इंफाल।** मणिपुर में चर्च के 3 पदाधिकारियों और एक नागरिक की हत्या के विरोध में कुकी-जो



और नागा समुदायों द्वारा बुलाए गए बंद का असर 3 जिलों में देखा गया। कांगपोकपी, चुराचांदपुर और चंदेल जिलों में बंद का असर सबसे ज़्यादा देखा गया। सरकारी दफ़्तरों में कर्मचारियों की हाज़िरी बहुत कम रही, जबकि शिक्षण संस्थान बंद रहे।

### यूसीसी: रुड़की में दर्ज पहली एफआईआर

**हरिद्वार।** जिले के रुड़की में देश पहला हलाला का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने यूसीसी



के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही चार्जशीट भी फाइल कर दी है। भगवानपुर से बड़ा मामला सामने आया है। बुग्गावाला थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर बंदरजूड गांव में दर्ज दहेज उत्पीड़न और 3 तलाक मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चार्जशीट में शामिल किया है।

ईसीआई ने की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा

# देश के 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू होगा एसआईआर का अगला चरण

## मतदाता सूचियों की सटीकता और पारदर्शिता को मजबूत किया जाएगा


सीआईसी ज्ञानेश कुमार

**36.73** करोड़ मतदाता और 3.42 लाख बीएलए होंगे

इससे मतदाता सूची साफ- सुथरी बनेगी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा की। आयोग ने कहा कि यह एक बड़ा देशव्यापी अभियान होगा, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों की सटीकता और पारदर्शिता को मजबूत करना है।आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम वर्तमान में जनगणना के तहत चल रहे मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया में लगी साझा फील्ड मशीनरी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। तीसरे चरण की शुरुआत के साथ एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी, हालांकि इसमें हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल नहीं होंगे।

### सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया बताया

ईसीआई ने एसआईआर को एक 'सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया' बताया है, जिसमें कई स्तरों पर मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी शामिल होते हैं। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे संशोधन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, समावेशिता और प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र पर बूथ स्तर के एजेंट नियुक्त करें।

### मौसम के कारण 3 क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में तय होगा

आयोग ने कहा कि तीन क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। यह निर्णय जनगणना के दूसरे चरण के पूरा होने और ऊंचाई वाले तथा बर्फ से ढंके क्षेत्रों में मौसम संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे इस संशोधन अभियान के तहत 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) गणना चरण में लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इन बीएलओ की मदद विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित लगभग 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) करेंगे।

### सूची को त्रुटिमुक्त बनाया जाएगा

इस गहन संशोधन अभियान का उद्देश्य डुप्लीकेट, स्थानांतरित, मृत या अयोग्य नामों की पहचान करके मतदाता सूची को सही और त्रुटि-मुक्त बनाना है।सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

### अपील...नागरिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लें

ज्ञानेश ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत के अवसर पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें। एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाता ही शामिल हों और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम न रहे। पहले दो चरणों में आदेश जारी होने की तारीख तक लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे।

### हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तारीख तय नहीं

चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फिलहाल यह कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। आयोग के अनुसार इन क्षेत्रों में जनगणना के दूसरे चरण और मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए बाद में कार्यक्रम जारी होगा।

### मतदाता सूची का विस्तृत कार्यक्रम

- ओडिशा, मिज़ोरम, सिक्किम और मणिपुर की अंतिम मतदाता सूची 6 सितंबर को जारी की जाएगी।
- दादरा नगर हवेली और दमन दीव की अंतिम मतदाता सूची 11 सितंबर को प्रकाशित होगी।
- उत्तराखंड की 15 सितंबर को पब्लिश होगी।
- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ का फाइनल रोल 22 सितंबर को आएगा।
- तेलंगाना और पंजाब की अंतिम मतदाता सूची 1 अक्टूबर को आएगी।
- कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को जारी होगी।
- नगालैंड की अंतिम मतदाता सूची 22 नवंबर को तो त्रिपुरा की अंतिम मतदाता सूची 23 दिसंबर को आएगी।

चुनाव के बाद हिंसा की सुनवाई

# हाईकोर्ट में बतौर वकील पेश हुईं ममता,बाहर लगे चोर-चोर के नारे



एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में एक वकील के तौर पर पेश हुईं। वे विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई हिंसा से जुड़ी एक जनहित याचिका पर बहस करने के लिए पहुंची थीं। इसके बाद जब ममता जब अदालत से बाहर आईं तो उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए गए। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया। टीएमसी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा -हमारी अध्यक्ष ममता स्वयं कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचीं।

### देश में उनके जैसा नेता नहीं: टीएमसी

उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कौन सी बात उन्हें दूसरों से अलग बनाती है।वे बंगाल की जनता को उनकी जरूरत के समय कभी नहीं छोड़तीं। वे सत्य, न्याय और संवैधानिक मूल्यों के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़तीं। और बार-बार, वे अतुलनीय करुणा, साहस और दृढ़ विश्वास के साथ नफरत की राजनीति से ऊपर उठ खड़ी होती हैं। चाहे एसआईआर के अन्याय का सामना करना हो या भाजपा के अनियंत्रित आचरण के खिलाफ मजबूती से खड़े रहना हो, वे लगातार यह साबित करती हैं कि आज देश में उनके जैसा कोई नेता नहीं है।

### बीसीआई ने 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट



बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने बंगाल बार काउंसिल से राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वकालत और पेशेवर स्थिति को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बीसीआई ने यह रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई तब सामने आई जब ममता बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील की वेशभूषा में एक मामले की सुनवाई के दौरान पेश हुईं। यह मामला कथित चुनाव बाद हिंसा और पार्टी कार्यालयों पर हमलों से जुड़ा हुआ था।

### रिकॉर्ड दें, एनरोलमेंट की जांच शुरू की

बीसीआई ने बंगाल बार काउंसिल को भेजे पत्र में कहा है कि ममता के नामांकन, वकालत की स्थिति और कार्यकाल के दौरान किसी भी प्रकार के निलंबन या पुनः बहाली से जुड़े सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं। कार्यकाल के दौरान पेशेवर स्थिति को समझने के लिए आवश्यक है।

दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी का दावा

# रॉबर्ट वाड्रा ने हलफनामा में झूठे व गलत तर्क पेश किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट से गुरुवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका



गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को बड़ा झटका लगा। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने गुरुवार को हाई कोर्ट को बताया कि वाड्रा ने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले का संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में झूठे और गलत बयान दिए हैं।

### वाड्रा की दलील तथ्यात्मक रूप से भ्रामक

ईडी की ओर से अधिवक्ता जोहेब हुसैन अदालत में पेश हुए और वाड्रा की उस दलील का विरोध किया, जिसमें कहा गया था कि जिन अपराधों का उन पर मूल मामले में आरोप लगाया गया है, उन्हें 2008 और 2012 के बीच कथित अपराध के घटित होने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम की अनुसूची में जोड़ा गया था। वाड्रा की यह दलील तथ्यात्मक रूप से गलत है।

कर्नाटक में यूनिफॉर्म में हिजाब की मंजूरी

# भाजपा ने उठाए सवाल, कांग्रेस धार्मिक विभाजन को बढ़ा रही

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार की ओर से 2022 के यूनिफॉर्म आदेश को वापस लेने



और स्कूलों-कॉलेजों में हिजाब समेत सीमित धार्मिक प्रतीकों की अनुमति देने के फैसले पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के नेताओं ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए वोट बैंक की राजनीति, धार्मिक आधार पर विभाजन करने का आरोप लगाया।

### बिना मांग गंभीर गलती की: विधायक तेंगिंकाई

भाजपा विधायक महेश तेंगिंकाई ने कहा कि यह फैसला गंभीर गलती है और इसकी कोई मांग नहीं थी। कांग्रेस सरकार स्कूलों और कॉलेजों में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदायों के बीच अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है। तेंगिंकाई ने कहा कि 2022 में जब भाजपा सरकार सत्ता में थी, तब अदालतों ने भी ड्रेस कोड को सख्ती से लागू करने के पक्ष को सही ठहराया था।

शराब घोटाले में भड़कीं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता

नहीं रोके तो अराजकता फैल जाएगी

# केजरीवाल, मनीष के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और विनय मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। केजरीवाल ने अदालत का मजाक उड़ाया, डराने की कोशिश की।

### आदेश में यह कहा

### कार्यवाही को पूर्वाग्रह से संबंधित बताया था

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि किसी न्यायालय में रिक्यूजल याचिका पर फैसले के समय विवाद की आशंका रहती है और इस



न्यायालय में आवेदन की सुनवाई करते समय इस समझ के साथ कार्यवाही की गई कि मुद्दा पूर्वाग्रह से संबंधित है। अदालत ने पाया कि सोशल मीडिया पर एक अभियान चलाया जा रहा था। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही सामग्री भी कोर्ट के संज्ञान में आई। रिक्यूजल याचिका पर सुनवाई के दौरान भी कुछ प्रतिवादी इन कॉंटेंट को शेयर कर रहे थे।

तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक में गोल्ड की धोखाधड़ी

# 16 फर्जी खातों से 1.80 करोड़ का गोल्ड लोन का गबन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक की मेडक ब्रांच में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के बैंक मैनेजर पर आरोप है कि उसने नकली गोल्ड लोन देकर और जमा किए गए कैश को दूसरी जगह भेजकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी मैनेजर, जिसकी पहचान अनिल के रूप में हुई है। वह फिलहाल फरार है। पुलिस ने इस घोटाले में शामिल होने के लिए अनिल की पत्नी और उसके दोस्त सुब्रमण्यम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अनिल का पता लगाने विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने कहा है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रबंधक फरार, पत्नी और दोस्त गिरफ्तार



### मैनेजर को सट्टेबाजी में हुआ था नुकसान

अनिल को ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत थी और उसे इसमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। पैसे की भरपाई करने के लिए उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक बड़ी धोखाधड़ी की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि अनिल ने अपनी पत्नी, करीबी दोस्तों और जान-पहचान के लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारी का इस्तेमाल करके 16 बैंक खाते खोले।

### पुलिस ने धर-पकड़ की कार्रवाई तेज की

अनिल इससे पहले आंध्र प्रदेश में भी धोखाधड़ी में शामिल था। तेलंगाना के मेडक में शिकायतें मिलने के बाद बैंक अधिकारियों ने एक विस्तृत आंतरिक जांच की, जिसके बाद इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस प्रबंधक की धर-पकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है।

### 31.35 लाख रुपए का दुरुपयोग भी किया

उसने एक-एक ग्राम के छोटे-छोटे नकली सोने के गहनों को कीमती और असली सोने के गहने बताकर बैंक से गोल्ड लोन दिलाया। इस तरीके से, उसने लगभग 1.49 करोड़ रुपये के लोन दिलाए। इसके अलावा अनिल पर एटीएम के जरिए जमा किए गए कैश को दूसरी जगह भेजने का भी आरोप है। जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि ग्राहकों द्वारा जमा किए गए लगभग 31.35 लाख रुपए का गलत इस्तेमाल किया गया।

सबरीमाला रेफरेंस मामला

# सुप्रीम कोर्ट में पूरी हुई सुनवाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सबरीमाला रेफरेंस केस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट की 9



जजों वाली संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस केस में 16 दिन की मैराथन सुनवाई हुई थी। यह मामला केवल सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक अधिकारों की सीमा तय करने वाला बड़ा संवैधानिक विवाद बन चुका है।

### सीजेआई की बेंच ने की सुनवाई

सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की बेंच ने की। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताया था। इसके खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं दायर हुईं, बाद में मामला बड़ी संविधान बेंच को भेजा गया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई बैठक अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की अहम बैठक

# दोनों देशों के बीच एयरोस्पेस और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति

एजेंसी ⏭ कैनबरा

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने 'भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग' पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई। यह वार्ता दोनों देशों के बीच अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी), प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी।

### दोनों देशों के बीच 12वीं एयर स्टाफ वार्ता ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुई


12वीं एयर स्टाफ वार्ता के दौरान दोनों देशों के एयर वाइस मार्शल

### हिंद-प्रशांत महासागर में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध

आईएएफ ने बयान में कहा है कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाएंगे

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया।


एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान और एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस

### एमक्यू-28 घोस्ट बैट क्यों खास है?

एमक्यू-28 घोस्ट बैट एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' है, यानी यह आधुनिक वायु शक्ति प्रणाली को और ज्यादा मजबूत बनाता है। इसकी खुली प्रणाली (ओपन सिस्टम) डिजाइन से मिशन में लचीलापन आता है।

### 40 फीट की ऊंचाई पर काम करने में सक्षम

एमक्यू-28 की एक खासियत इसका टुकड़ों में बनने वाला (मॉड्यूलर) डिजाइन है, जिससे मिशन वाला आगे का हिस्सा (नोज सेक्शन) बदलकर उसमें अलग-अलग उपकरण तेजी से लगाए जा सकते हैं। बोइंग के अनुसार यह 2,000 नॉटिकल मील से ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकता है, मैक 0.9 तक की गति से उड़ सकता है और 40 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर काम कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में पिछले आठ वर्षों में विकसित इस प्रणाली को बोइंग ने 'दुनिया का सबसे परिपक्व सहयोगी लड़ाकू विमान' बताया है।

## खबर संक्षेप

### बलूचिस्तान में पाक मेजर समेत 5 सैनिकों की मौत

**कराची।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना ने एक बड़े संयुक्त अभियान में सात लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है।



इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के एक मेजर समेत पांच सैनिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार अभियान के तहत सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच बरखान जिले में मुठभेड़ हुई थी।

### कुलगाम में महिला समेत 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक इंटरस्टेट नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर इलाके में लगातार एंटी-ड्रग आपरेशन के दौरान एक महिला मादक पदार्थ तस्कर को उसके दो साथियों समेत गिरफ्तार किया। महिला व अन्य के पास कुल 15.3 ग्राम हेरोइन मिली।



### प्रतिभा पारकर पनामा में भारतीय राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईएफएस बैच 2000 की अधिकारी प्रतिभा पारकर को पनामा रिपब्लिक में भारत की अगली राजदूत नियुक्त किया गया है। फिलहाल वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही हैं और जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। प्रतिभा ने शुरुआत रूस में भारतीय दूतावास में विदेश सेवा से की थी।



### अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए अध्यक्ष बने केविन वॉर्श

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के अनुभवी आर्थिक सलाहकार और पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर केविन वॉर्श को अमेरिकी की फेडरल रिजर्व का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। सीनेट में हुए एक कड़े मुकाबले वाले मतदान में केविन वॉर्श को 54-45 के बहुमत से मंजूरी मिली। केविन वार्श एक पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर, आर्थिक सलाहकार हैं।



## लाल किला मेट्रो स्टेशन कार धमाका

# एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की 7500 पन्नों में चार्जशीट


लाल किला दिल्ली बम धमाका फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को नई दिल्ली की एक विशेष अदालत में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 की शाम को हुए कार बम धमाके के मामले में 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने 1इस हमले में कथित संलिप्तता के लिए 10 लोगों को नामजद किया है। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

एनआईए के अनुसार, सहित सभी 10 आरोपी संगठन 'अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच)' से जुड़े थे, जिसे अल-कायदा से प्रेरित संगठन बताया गया है। मुख्य आरोपी उमर उन नबी की इस धमाके में मौत हो गई थी। उसके अलावा नौ अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं जिनमें आमिर मीर, जसीर वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद आदि शामिल हैं।

### विस्फोटक आरोपियों ने तैयार किया था

एनआई की जांच में सामने आया कि कुछ आरोपी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित मेडिकल प्रोफेशनल थे। 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक में उन्होंने एजीयूएच अंतरिम नाम से संगठन को फिर सक्रिय किया और 'ऑपरेशन हेवनली हिंद' कोडनेम' शुरू किया था। इस कोडनेम के तहत, आरोपियों ने नए सदस्यों की भर्ती की। एजीयूएच की हिंसक जिहादी विचारधारा का सक्रिय रूप से प्रचार किया, हथियार और गोला-बारूद जमा किया, और बाजार में आसानी से मिलने वाले रसायनों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर विस्फोटक बनाए। धमाके में इस्तेमाल टीएटीपी विस्फोटक आरोपियों ने खुद तैयार किया था।

### केरल में मिले विस्फोटक की एनआईए जांच करेगा

एनआईए ने 7 फरवरी 2026 को केरल के मलप्पुरम जिले के तिरुरंगडी के पास चेम्माड इलाके में प्याज से लदे एक ट्रक से 89,600 जिलेटिन छड़ें और 10,500 नॉन-इलेक्ट्रिक शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद होने के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। एनआई ने पिछले महीने इस मामले की जांच शुरू की थी और हाल ही में परप्पनंगडी की न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत से केस रिकॉर्ड को कोच्चि स्थित विशेष एनआईए अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। तिरुरंगडी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि मामला अब केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है।

## ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# दबाव की राजनीति से विकासशील देश नुकसान में, बढ़ती विषमताओं से वैश्विक विकास प्रभावित

दुनिया में बहुपक्षीय सहयोग और कूटनीतिक संवाद जरूरी

उभरते बाजारों और विकासशील देशों को ब्रिक्स से उम्मीद

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है


बैठक को संबोधित करते जयशंकर


पीएम मोदी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक हालात, आर्थिक चुनौतियों और बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बीच ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। बैठक में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय काफी अनिश्चित और जटिल दौर से गुजर रही है, जहां लगातार संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता, व्यापार और तकनीक से जुड़ी चुनौतियां वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद होनी चाहिए। साथ ही विवादों का समाधान निकालने का एकमात्र उपाय बातचीत और कूटनीति पर ही आधारित होना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच यह बैठक सिर्फ औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार साझा करने और साझा रणनीति विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### एक मंच पर ब्रिक्स के विदेश मंत्री



बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

### पीएम से हुई शिष्टाचार भेंट

बैठक के इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। जिसमें ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, दक्षिण-अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, ब्राजील के विदेश मंत्री मोरो विएरा सहित अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए। सभी ने पीएम के साथ एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल से मिलकर प्रसन्नता हुई है।

### विकास से जुड़े मुद्दे अब भी चिंता का विषय

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दे अब भी बड़ी चिंता बने हुए हैं। कई देश ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य संकट, उर्वरक उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स इन देशों को प्रभावी समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आर्थिक मजबूती और सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर भी जोर दिया।

### अमेरिका के आगे नहीं झुकेंगे: ईरान

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के अड़ियल रुख और उसकी दादागीरी के खिलाफ ईरान का संघर्ष बदस्तूर जारी रहेगा। हमारा देश अमेरिका के सामने न कभी झुका है और न कभी आगे झुकेगा।

### एकतरफा प्रतिबंध यूएन सिद्धांतों के विरुद्ध

जयशंकर ने कहा कि अंतराष्ट्रीय कानूनों और यूएन सिद्धांतों के विरूद्ध लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों, दंडात्मक उपाय विकासशील देशों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। दबाव की राजनीति का विकल्प संवाद कभी भी नहीं बन सकता है। मौजूदा चुनौतियों के चलते बढ़ती विषमताओं के साथ विकास बाधित हो रहा है।

## कलम एंड कवच-3.0 रक्षा रणनीतिक संवाद में बोले रक्षा मंत्री

# सेनाओं की संयुक्तता और समन्वय से तय होगी आधुनिक समय के युद्ध में सफलता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कलम एंड कवच-3.0 रक्षा रणनीतिक संवाद को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में युद्ध में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सशस्त्र सेनाओं के बीच की आत्मनिर्भरता के साथ संयुक्तता और समन्वय कैसा है? ऐसे में अलगाव के लिए कोई स्थान नहीं है। जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि सेना, नौसेना और वायुसेना साइबर और अंतरिक्ष जैसे सभी क्षेत्रों में कितने प्रभावी ढंग से एकीकृत रूप से कार्रवाई करते हैं।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### आत्मनिर्भरता रणनीतिक जरूरत

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता महज आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि रणनीतिक जरूरत है। जो राष्ट्र जरूरी रक्षा क्षमताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। वह संकट के समय असुरक्षित हो जाता है। हमें रक्षा प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव करना होगा।

### रणनीतिक आत्मविश्वास बेहद जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव, जारी संघर्षों, साइबर खतरों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने अनुमानों पर आधारित नहीं रह सकती है। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास बेहद जरूरी हैं।

## ईडी की गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पीएमएलए मामले में 526 करोड़ रु. की जमा राशि पर लगा दी रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ धन शोधन मामले में तलाशी अभियान पूरा करने के बाद 526 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि पर रोक लगा दी है और 3.5 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों के साथ 11 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित कंपनी के खिलाफ सात मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और कर्नाटक की राजधानी में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। छापेमारी 13 मई को समाप्त हुई। छापेमारी के बाद, ईडी ने कंपनी के तीन संस्थापकों दीपक सिंह, पृथ्वी राज सिंह और विकास तनेजा को गिरफ्तार किया था। यह ऑनलाइन रियल-मनी गेम्स जैसे 'रमीकल्चर', रमीटाइम ऐप का मालिक है। वहीं अन्य मामले में ईडी ने जिगार्ड टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि. के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली, गुजरात, मप्र. के इंदौर और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रेड की है।

## बीएसएफ मुख्यालय बम धमाका मामला

# आरोपी ने पाक खुफिया एजेंसी के इशारे पर किया था ब्लास्ट, अरेस्ट

एजेंसी ⏭ जालंधर

जालंधर स्थित बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर 5 मई की रात हुए आईईडी ब्लास्ट मामले में पुलिस और खुफिया एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। इस आतंकी साजिश के मुख्य संदिग्ध को दिल्ली से हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस के इनपुट पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन के तहत की गई। जांच एजेंसियों को इस मामले के तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और उसके खालिस्तानी नेटवर्क से जुड़े मिले हैं। ब्लास्ट करवाने का मास्टरमाइंड पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को बताया जा रहा है, जिसने सोशल मीडिया के जरिए पंजाब के युवकों से संपर्क साध रखा था।


बीएसएफ मुख्यालय के बाहर विस्फोट

## एनडीआरएफ जवानों को संबोधित करते बोले गृह मंत्री अमित शाह

वैश्विक स्तर पर भी आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर

# आपदा बचाव के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नक्शे पर स्थापित किया

एजेंसी ⏭ गाजियाबाद

एनडीआरएफ के जवान दुनिया में जहां कहीं भी गए, वहां प्यार और भरोसा अर्जित किया : अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ को प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड मिलना एनडीआरएफ के समस्त बल के सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण के संचित गुणों का सम्मान है। 20 वर्षों के कार्यकाल में आपदा बचाव के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नक्शे पर स्थापित करने का काम एनडीएमए और एनडीआरएफ ने किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है, लेकिन मेरे लिए देश के गृह मंत्री के नाते यह विशेष गौरव का विषय है। देश में कहीं भी आपदा आई हो या आपदा आने वाली हो, जब एनडीआरएफ के जवान वहां पहुंचते हैं, तो देश की जनता राहत की सांस लेती है कि अब उनका बचाव हो जाएगा।


एनडीआरएफ जवानों को सम्मानित करते गृह मंत्री शाह

### सीडीआरआई के आज 48 देश सदस्य

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से 'डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर' के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक स्तर पर नेतृत्व किया है। सीडीआरआई के आज 48 देश सदस्य बन चुके हैं और भारत के साथ मिलकर इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### देश जीरो कैजुअल्टी की दिशा में आगे बढ़ रहा

अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ के जवान देश-दुनिया में जहां कहीं भी गए, वहां प्यार और भरोसा अर्जित किया है। आज हम ऐसी स्थिति में आए हैं कि अब हम जीरो कैजुअल्टी की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। जिस आपदा का पूर्वानुमान और मौसम विज्ञान विभाग से अंदेशा मिल जाता है, वहां पर जन, धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य होता है। एनडीआरएफ ने 8,500 से अधिक अपने जवानों, 10,000 से ज्यादा सिविल डिफेंस से जुड़े कर्मियों और 220,000 से अधिक वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करने का भागीरथ कार्य किया है। दो वर्षों में 10,500 से अधिक नाविकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत 10-सूत्रीय एजेंडा ने देश में डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट को एक नई दिशा प्रदान की है।

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले ट्रंप, बोले

# यूएस-चीन संबंध साझेदारी नहीं वैश्विक शक्ति के संतुलन की रीढ़

एजेंसी ⏭ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन दौरे के दौरान अमेरिका और चीन के रिश्तों को विश्व इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच सम्मान और सहयोग की भावना अमेरिका की स्थापना के समय से ही मौजूद रही है। बीजिंग में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के नागरिकों के बीच शुरू से ही आपसी सम्मान का गहरा संबंध रहा है। उन्होंने अमेरिकी संस्थापक नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपने औपनिवेशिक समाचार पत्र में चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस के विचार प्रकाशित किए थे।


डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग

### होर्मुज खोलने पर दोनों राजी

दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। चीन ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। ट्रंप ने घोषणा की कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग आगामी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक पारस्परिक आधिकारिक यात्रा होगी। अपने संबोधन में उन्होंने शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को अमेरिका आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे इस वर्ष सितंबर में व्हाइट हाउस में उनके स्वागत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# विराट कोहली बने 14,000 टी-20 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल 2026 के रायपुर में हुए 57वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना 78वां रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। कुल मिलाकर, कोहली यह कारनामा करने वाले सिर्फ छठे बल्लेबाज़ बने हैं। बता दें कि वह आईपीएल में 9,000 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

### इस सूची में शामिल हुए कोहली

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, डेविड वार्नर, एलेक्स हेल्स, जोस बटलर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

### *डेविड वार्नर (431 पारी)*

*इस सूची में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 431 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। उन्होंने अपने टी-20 करियर में कुल 439 मैच खेले थे, जिसकी 438 पारियों में 37.29 की औसत और 140.61 की स्ट्राइक रेट से 14,284 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने 10 शतक और 118 अर्धशतक भी जड़े थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 135 का रहा।*



### आईपीएल में 9,000 से अधिक रन बना चुके हैं कोहली

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

### *विराट कोहली (409 पारी)*

*कोहली ने 409 पारियों में यह मुकाम हासिल किया है। अपने टी-20 करियर में 426 मैचों में उन्होंने 42.25 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 14,027 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान, कोहली ने अपना 10वां टी-20 शतक जड़ा। उन्होंने शतकों के मामले में डेविड वार्नर की बराबरी की। टी-20 क्रिकेट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ क्रिस गेल (22) और बाबर आजम (13) ने लगाए हैं।*

### *क्रिस गेल के 423 पारी का रिकॉर्ड तोड़ा*

*कोहली ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 423 पारियों में 14,000 टी-20 रन पूरे किए थे। गेल टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। 463 टी-20 मैचों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 के स्ट्राइक रेट से कुल 14,562 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 22 शतकों के अलावा और 88 अर्धशतक लगाए हैं। वह टी-20 में 1,000 से अधिक छक्के लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं।*

## खबर संक्षेप



### सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।

### सुपर शतरंज क्लासिक : पहले मुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानानंदा



**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं। उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत



**गांधीनगर।** अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चेंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जबकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया।

### पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200/8 का स्कोर बनाया था

# मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराकर दर्ज की अपनी चौथी जीत

एजेंसी ⏭ धर्मशाला

मुंबई इंडियंस के गेंदबाज शारदुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी बाद तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मेजबान टीम की लगातार पांचवीं हार है। पंजाब के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम ने तिलक वर्मा (75 रन, 33 गेंद, छह चौके, छह छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक और विल जैक्स (10 गेंद में नाबाद 25, दो चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 20 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर अपनी चौथी जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200/8 का स्कोर बनाया। मेजबान टीम से प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक (57) लगाया।

### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य (22) और प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। इसके बाद श्रेयस अय्यर (4), शशांक सिंह (2) और सूर्यांश शेडगे (8) दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। संकट की घड़ी में अजमतुल्लाह उमरजई ने 38 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया। जवाब में एमआई के रायन रिकेल्टन (48) की उम्दा पारी के बाद तिलक 75 और विल जैक्स (25*) ने संघर्ष करके जीत दिलाई।




### शार्दुल ने चटकाए 4 विकेट

मुंबई इंडियंस के शार्दुल ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 39 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 9.80 की रही। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह (57), श्रेयस अय्यर (4), सूर्यांश शेडगे (8) और मार्को यानसन (2) को अपना शिकार बनाया। ये उनके आईपीएल करियर का तीसरा और पंजाब किंग्स के खिलाफ दूसरा 4 विकेट हॉल रहा। अपने आईपीएल करियर में उन्होंने 108 पारियों में 117 विकेट लिए हैं।

*प्रभसिमरन ने लगाया 12वां अर्धशतक : पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन ने 32 गेंदों में 57 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 178.12 की रही। उन्होंने पहले विकेट के लिए अपने जोड़ीदार प्रियांश आर्य के साथ 33 गेंदों में 50 रन जोड़े।*

### एमआई ने अपने 3 कप्तानों का किया प्रयोग

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव नहीं खेले। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी का कार्यभार संभाला। वह आईपीएल 2026 में एमआई के तीसरे कप्तान साबित हुए। इससे पहले हार्दिक और सूर्यकुमार भी एमआई की कप्तानी कर चुके थे। यह सिर्फ दूसरा ऐसा सीजन है, जब एमआई ने अपने 3 कप्तानों का प्रयोग किया। इससे पहले 2008 सीजन में हरभजन सिंह, शॉन पोलाक और सचिन तेंदुलकर ने एमआई की कप्तानी की थी।

### तिलक ने लगाया 10वां अर्धशतक

तिलक ने अपने आईपीएल करियर का 10वां अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 25 गेंदों का सामना कर पचासा पूरा किया। इस संस्करण उन्होंने अपना दूसरा पचासा जड़ा। आईपीएल 2026 में उनके बल्ले से एक शतक भी निकला है। उन्होंने 33 गेंदों का सामना किया और नाबाद 75 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और इतने ही छक्के भी लगाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ मिलकर 61 रन की साझेदारी की।

## रनों की बारिश

# जिम्बाब्वे में बना रिकॉर्ड, 50 ओवर में कूट दिए 822 रन




एजेंसी ⏭ जिम्बाब्वे

### जिम्बाब्वे के एक घरेलू टूर्नामेंट में देखने मिला ऐतिहासिक मुकाबला

जहां एक ओर दुनिया के सभी क्रिकेट फैंस की नजरें आईपीएल 2026 के प्लेऑफ रेस पर टिकी हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे क्रिकेट में कुछ ऐसा हो गया, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल, जिम्बाब्वे में एक घरेलू टूर्नामेंट के मैच में रनों की बारिश देखने को मिली। एक टीम ने 50 ओवर के मैच में 822 रन ठोक दिए। आमतौर पर 50 ओवर के मैच में 300-350 रन अच्छा स्कोर होता है, जिसे डिफेंड किया जा सकता है। हालांकि यह टूर्नामेंट ऑफिशियल लिस्ट-ए प्रतियोगिता नहीं है। इसकी वजह से ये हैरान कर देने वाले आंकड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होंगे। यह ऐतिहासिक कारनामा जिम्बाब्वे के मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग में देखने को मिला। हाल ही में खेले गए मैच में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने यह रिकॉर्ड बनाया। स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने 50 ओवर तक ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की।

### एक पारी में ऐसे बने 822 रन....

मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग 2025-26 में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब और मीथेन लायंस के बीच मैच खेला गया था। इस मुकाबले में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 822 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें तकुंडा मडम्बो ने 143 गेंद पर 302 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। उनके अलावा विनफेड मटेंडे ने सिर्फ 75 गेंद 203 रनों की आतिशी पारी खेली।

### मुकाबला आज 15 मई को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

# प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी एलएसजी की सीएसके से भिड़ंत आज

एजेंसी ⏭ लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 59वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना चेन्नई सुपरकिंग्स से आज 15 मई को होगा। इस सीजन में एलएसजी ने 11 में से अपने 3 मैच जीते हैं और 8 में शिकस्त झेली है।

वहीं, सीएसके ने 11 में से अपने 6 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। बता दें कि सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक फिटनेस कारणों से कोई मैच नहीं खेल सके हैं। उनके अगले मैच में भी खेलने की उम्मीद नहीं है। वहीं, जेमी ओवरटन भी चोटिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में डियान फॉरेस्टर को मौका मिला है।वहीं दूसरी ओर एलएसजी की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। ऐसे में पंत की कप्तानी वाली टीम अपने बचे हुए



मैचों को जीतना चाहेगी। एलएसजी के प्रमुख बल्लेबाज एडेन मार्करम इस सीजन में नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी की टीम उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। सीएसके को 3 मैच में जीत मिली है। एलएसजी ने भी 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।

# असम में नए स्टेडियम में होगी इंडियन एथलेटिक्स सीरीज

**नई दिल्ली।** असम के नलबाड़ी जिले के सरियाहतली में बना नया स्टेडियम छह जून को इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के सातवें चरण की मेजबानी करेगा। इससे राज्य और आस-पास के इलाकों के एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस एकदिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 18 स्पर्धाएं होंगी जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए नौ-नौ स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके अलावा जूनियर वर्ग में 10 स्पर्धाएं (पुरुषों और महिलाओं के अंडर-20 वर्ग में पांच-पांच) होंगी। प्रतियोगिता का आयोजन एएफआई के तत्वावधान में असम एथलेटिक्स संघ करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एक सर्कुलर में कहा, ''यह प्रतियोगिता पहली बार हो रही है इसलिए इससे असम राज्य के अंदरूनी इलाकों के एथलीटों को एथलेटिक्स को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस नए स्टेडियम में एक नया नौ लेन का ट्रैक बनाया गया है जो नलबाड़ी जिला खेल स्टेडियम परिसर का हिस्सा है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के इंग्लैंड के कप्तान होंगे स्टोक्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 4 जून से लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। जैक क्रॉली की जगह जेम्स रियू और एमिलियो गे को मौका मिला है। वहीं, ओली रॉबिन्सन की 2 साल से अधिक समय बाद वापसी हुई है। इंग्लैंड की टीम के बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे। इंग्लैंड के खिलाड़ी मार्क वुड चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, ब्रायडन कार्स भी चोट के कारण टीम से बाहर हैं।



### ऐसी है इंग्लैंड की टीम

इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जोश टंग।

### सीरीज का शेड्यूल

इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि जोफ्रा आर्चर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऑर्चर अभी आईपीएल खेल रहे हैं और लंबे समय बाद उन्हें लाल गेंद क्रिकेट के लिए धीरे-धीरे तैयार किया जा रहा है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 4 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 17 जून से द ओवल और तीसरा मुकाबला 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगा।

### नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं रखने पर होगी कार्रवाई

# यशस्वी-शेफाली डोप टेस्ट में रहे अनुपस्थित, मिला नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा पहली बार डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस डोप टेस्ट के लिए निर्धारित स्थानों पर न पहुंचने और अपने ठिकाने की जानकारी न देने के नियम के तहत जारी किए गए हैं।

### दोनों को दिया गया स्पष्टीकरण का मौका

रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने दोनों खिलाड़ियों को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इसकी जानकारी दी है। यह नोटिस नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल इन दोनों क्रिकेटरों के लिए पहली बार दर्ज किए गए ठिकाने संबंधी विफलताओं को दर्शाते हैं।

### *दोनों ही खिलाड़ियों ने नहीं दिया कोई जवाब*

*रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने 18 और 20 फरवरी को दोनों खिलाड़ियों से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब नहीं दिया। एक बार टेस्ट न देने से डोपिंग नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता। हालांकि, 12 महीने की अवधि में 3 बार टेस्ट न देने पर डोपिंग नियमों का उल्लंघन हो सकता है। यदि कोई खिलाड़ी नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं कर पाता है तो उसे 2 साल तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।*



### *क्या है डोप टेस्ट से संबंधित नियम?*

*नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल एथलीटों को डोपिंग टेस्ट के लिए निर्धारित समय और स्थान बताना अनिवार्य है। डोपिंग नियंत्रण अधिकारी घोषित अवधि में नमूने एकत्र करने के लिए आ सकता है और निर्धारित स्थान पर उपस्थित न होने पर डोपिंग विरोधी नियमों के तहत टेस्ट छूट सकता है। नोटिस के अनुसार, डीसीओ ने 17 दिसंबर को यशस्वी और 7 नवंबर को शेफाली का टेस्ट निर्धारित किया था, लेकिन दोनों ही बताए गए स्थान पर नहीं मिले।*

# ओवरटन की जगह सीएसके में शामिल हुए डियान फॉरेस्टर

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के डियान फॉरेस्टर को अपने साथ शामिल किया है। फॉरेस्टर पहली बार इस लीग के लिए चुने गए हैं। सीएसके ने गुरुवार 14 मई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ज्ञात हो कि ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण इंग्लैंड लौट चुके हैं।

*ओवरटन का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका : आईपीएल 2026 में ओवरटन ने 13 मुकाबले खेले हैं और इसकी 13 पारियों में 23.71 की औसत से 14 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 9.76 की रही। इस खिलाड़ी ने एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/18 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 8 पारियों में 37.75 की औसत और 162.36 की उम्दा स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए हैं।*




# भले ही टाइम जोन हों अलग, लेकिन दिलों की घड़ी हमेशा रहती है एक

## अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस



**विदेशों में रह रहे बच्चों के माता-पिता ने कहा...**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के दौर में परिवार केवल एक छत के नीचे रहने का नाम नहीं रह गया है। कोई पढ़ाई के लिए विदेश में है, कोई नौकरी के कारण दूसरे देस में, तो कोई अपने सपनों की तलाश में सात समंदर पार बस गया है। समय बदल गया, शहर बदल गए, टाइम जोन बदल गए, लेकिन परिवारों के रिश्तों की गर्माहट आज भी वैसी ही है। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही पैरेंट्स को चुना, जिनके बच्चे अपने सपने पूरे करने दूर देस में जाकर बसे हैं, लेकिन फिर भी यहां रहने वाले माता-पिता और विदेशों में रहने वाले बच्चों की धड़कन बसी है एक दूसरे में।

### आधुनिक टेक्नोलॉजी ने ऐसा जोड़ा कि मानो हम कभी दूर हुए ही नहीं...



करीब 10 साल से अपनी बेटी मानसी ओबेरॉय और बेटे गगन ओबेरॉय से अलग रहने वाली बिंदु रमाकांत घाटपांडे ने कहा कि पहले तो मुझे काफी अकेलापन लगता था, बच्चों की बेहद याद आती थी, लेकिन अब तो टेक्नोलॉजी ने रिश्तों की दूरी को करीब ला दिया है, और अब ऐसा लगता है कि अपनी हर बात बच्चों से शेयर करके मैं काफी रिलेक्स हो जाती हूं। फिर वो सुबह की चाय की पहली सिप लेते हुए की वीडियो कॉलिंग हो या गुड नाइट किस। आधुनिक दौर में तकनीकि ने हमें इस तरह जोड़े रखा है कि हमें लगता ही नहीं कि हम कोसों दूर हैं।

### परी बाजार हो या वूमेन हेरिटेज कार रैली सभी में शामिल होती अलीना



प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर एवं बेगम ऑफ भोपाल की हेड रख्शां शमीम जाहिद ने कहा कि मेरी बेटी अलीना पहले यूके पढ़ाई के लिए गई और उसके बाद अब वह दुबई में शिफ्ट है और वहां पर अपनी खुद की कंपनी रन कर रही है। करीब आठ साल से हम दूर हैं, पहले तो लगा कि कैसे हम उसके बिना रहेंगे, लेकिन फिर वीडियो कॉलिंग ने हमें एक दूसरे से ऐसे जोड़े रखा कि लगता ही नहीं हम दूर हैं। रख्शां ने कहा कि हमारे द्वारा हर साल परी बाजार और वूमेन हेरिटेज कार रैली का आयोजन होता है, जिसमें अलीना जरुर शामिल होती है।

### हमारे परिवार के दिलों की धड़कन में हमेशा बसती है अवनी



प्रोफेसर डॉ. प्रीति मिश्रा ने कहा कि मेरी बेटी अवनी मिश्रा पिछले तीन-चार साल से विदेश में हायर स्टडी के लिए है, एनएलआईयू से पासआउट अवनी की सबसे बड़ी उपलब्धि इंडिया सोसाइटी ऑफ ऑक्सफोर्ड की वाइस प्रेसिडेंट बनना रहा और यहीं उसकी मुलाकात शिवांकर से हुई, जो अब हमारे दामाद हैं। प्रीति कहती हैं कि पहले मुझे लगा कि हमेशा किताबों से जुड़ी, मेरी पढ़ाकू अवनी कैसे विदेश में रह पाएगी, लेकिन अब सभी चीजें मैनेज करन लेती है। हमारे परिवार के दिलों की धड़कन में हमेशा अवनी बसती है।

---

**भोपाली अंदाज, हरियाणवी ठसक, इंडो-वेस्टर्न ग्लैमर से सजा आर्ट टीचर्स फैशन शो**

# स्टाइलिंग, ड्रैपिंग और रैंप वॉक के नाम रहा 'मूविंग फॉर्म्स- वर्ककैंप'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कला केवल कैनवास पर रंग भरने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को नए रंगों में ढालने की प्रक्रिया भी है। यही रंग और आत्मविश्वास देखने को मिला आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा एनआईडी में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय कार्यशाला 'मूविंग फॉर्म्स- वर्ककैंप' में, जहां कला शिक्षकों ने पहली बार फैशन और स्टाइल की दुनिया में कदम रखते हुए रैंप पर अपनी अलग पहचान बनाई।



### ताना-बाना, बुनाई, ड्रैपिंग की बारीकियों से हुए अवगत

दिन की शुरुआत एनआईडी मप्र की फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विशेषज्ञ जिज्ञासा आर्य के सत्र से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को ताना-बाना, बुनाई, ड्रैपिंग और स्टाइलिंग की बारीकियों से परिचित कराया। उनका कहना था कि कपड़े केवल शरीर को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति भी हैं।



शुभांगी मयूर

**खुद को एक नए रूप में खोजने का माध्यम**

75 वर्षीय सेवानिवृत्त आर्ट टीचर सुषमा श्रीवास्तव का उत्साह भी सभी के लिए प्रेरणा बना। कार्यशाला के क्यूरेटर सुनील शुक्ल के अनुसार यह आयोजन केवल फैशन शो नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और व्यक्तित्व विकास का जीवंत मंच था, जहां प्रतिभागियों ने खुद को एक नए रूप में खोजा।

### रंगों, परिधानों और मुस्कुराहटों से जगमगाया परिसर

शाम होते-होते कार्यशाला परिसर रंगों, परिधानों और मुस्कुराहटों से जगमगा उठा। पहली बार रैंप वॉक कर रहे प्रतिभागियों ने थोड़े से प्रशिक्षण के बाद जिस आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी, उसने सभी को चौंका दिया। किसी में मालवा की लोक संस्कृति झलकी तो किसी में बंगाली साड़ी की आधुनिक शैली। भोपाली अंदाज, हरियाणवी ठसक, इंडो-वेस्टर्न ग्लैमर और छत्तीसगढ़ी हस्तबुनी साड़ियों की खूबसूरती ने फैशन शो को सांस्कृतिक विविधता का उत्सव बना दिया। जहां मयंक बांगर नाथद्वारा की पारंपरिक बगलबंदी में दिखे तो



अनुपमा डुमने

# वायलिन वादक शेवलिकर की तान से गूंज उठा सभागार

## स्वरों की सरिता से सजा प्रशासनिक अकादमी सभागार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार की शाम प्रशासनिक अकादमी का सभागार सुरों, तालों और रागों की मधुर अनुगूंज से सराबोर हो उठा, जब स्पीक मैके द्वारा आयोजित विशेष संगीत संध्या में प्रसिद्ध वायलिन वादक प्रवीण शेवलिकर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया।



अपनी प्रस्तुति देते वायलिन वादक प्रवीण शेवलिकर।

### भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुति से हुआ समापन

कार्यक्रम का समापन उन्होंने भक्ति रस से ओतप्रोत पायो जी मैंने राम रतन धन पायो और रघुपति राघव राजा राम की प्रस्तुति से किया, जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण में डुबो दिया। तबले पर रामेंद्र सिंह की सधी हुई संगत रही।

### 16 मात्राओं वाले प्रसिद्ध तीनताल की दी जानकारी

तालों की चर्चा करते हुए उन्होंने 16 मात्राओं वाले प्रसिद्ध तीन ताल के साथ-साथ झपताल सहित कई तालों के स्वरूप और उपयोग को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। प्रस्तुति के दौरान राग बिहाग और मालकौंस की सुरमयी बंदिशों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।




## एमसीयू में नाटक अनोखा वरदान का मंचन आज

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सिनेमा अध्ययन विभाग के विद्यार्थी शुक्रवार को नाटक 'अनोखा वरदान' का मंचन करेंगे । यह नाटक विवि के बिशन खेड़ी स्थित परिसर में मुक्ताकाश मंच में 15 मई शाम 6:00 बजे संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे। विभाग अध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि सिनेमा अध्ययन विभाग के बीएससी फिल्म और कम्युनिकेशन स्टडीज पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को आर्ट, म्यूजिक एवं ड्रामा पढ़ाया जाता है।

# भारत भवन में कल से सजेगा बाल फिल्मों का रंगमंच


## तीन दिवसीय बाल फिल्म समारोह में बच्चों को मिलेगी कल्पना, संवेदना और मनोरंजन की अनूठी दुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय बाल फिल्म समारोह का आयोजन किया जा रहा है। छवि प्रभाग, भारत भवन द्वारा आयोजित इस विशेष समारोह में बच्चों और परिवारों के लिए उत्कृष्ट और संवेदनशील सिनेमा की मनोहारी प्रस्तुतियां होंगी। प्रतिदिन शाम 6.30 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में प्रवेश निशुल्क रखा गया है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ संवेदनशील और कल्पनाशील सिनेमा से जोड़ना है। बाल मन की जिज्ञासा, सपनों और भावनाओं को केंद्र में रखकर चयनित फिल्मों की


**कब, कौन सी फिल्मों का होगा प्रदर्शन**

### बाल कल्पनाओं और रोमांच की दुनिया को जीवंत करती फिल्म है जादू का शंख



समारोह के पहले दिन 16 मई को प्रसिद्ध निर्देशक सई परांजपे की फिल्म 'जादू का शंख' प्रदर्शित की जाएगी। 49 मिनट की यह फिल्म बाल कल्पनाओं और रोमांच की दुनिया को जीवंत करती है। इसके बाद निर्देशक जुल वेल्लानी की संवेदनशील प्रस्तुति 'डाक घर' दिखाई जाएगी, जो गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना पर आधारित है।

### कल्पना और कला का सुंदर संयोजन



17 मई को बच्चों के प्रिय पौराणिक चरित्र पर आधारित एनीमेशन फिल्म 'हनुमान' का प्रदर्शन होगा, जिसका निर्देशन वी. जी. सामंत ने किया है। साथ ही लघु एनीमेशन फिल्म 'कठपुतली' भी प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें कल्पना और कला का सुंदर संयोजन देखने को मिलेगा।

### रिश्तों की गर्माहट को बाल दृष्टि से प्रस्तुत करती फिल्म



18 मई को निर्देशक गोपी देसाई की फिल्म 'मुझसे दोस्ती करोगे' प्रदर्शित की जाएगी। यह फिल्म दोस्ती, संवेदनाओं और रिश्तों की गर्माहट को बाल दृष्टि से प्रस्तुत करती है।

**प्रेमपत्रों एवं प्रेमगीतों से सजी पुस्तक 'काग़ज़ पर ठहरा प्रेम' पुस्तक हुई लोकार्पित**

# काग़ज़ पर ठहरा प्रेम नहीं बल्कि, काग़ज़ पर बहता हुआ प्रेम है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को दुष्यंत संग्रहालय में डॉ मीनू पांडेय नयन द्वारा संपादित प्रेमपत्रों एवं प्रेमगीतों से सजी पुस्तक, 'काग़ज़ पर ठहरा प्रेम' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विकास दवे, निदेशक साहित्य अकादमी ने करते हुए कहा कि कोरे पत्र भी संदेश देने में सार्थक सिद्ध होते हैं।



दुष्यंत संग्रहालय में पुस्तक, 'काग़ज़ पर ठहरा प्रेम' का लोकार्पण करते अतिथि।

यह पुस्तक कागज पर ठहरा प्रेम नहीं बल्कि काग़ज़ पर बहता हुआ प्रेम है। आंसुओं के भीगेपन से द्रवित करने वाले पत्र सच्चा प्रेम दर्शाते हैं। प्रेमपत्र इन्क्यूवेटर का कार्य करते हैं। जो रसायन स्पर्श के समय निकलता है, वही रसायन प्रेमपत्र पढ़ते समय निकलता है।

### इस तरह की कृति आना समय की आवश्यकता

वहीं, मुख्य अतिथि रहे राजेश भट, सूचना आयुक्त मप्र ने कहा आजकल जब फिल्मों में से भी जब प्रेम खत्म हो गया है, तब इस तरह की कृति आना समय की आवश्यकता है। जाने-माने ग़ज़लकार आलोक त्यागी ने कहा कि प्रेम ठहराव धैर्य मांगता है और पुस्तक उस ठहराव का सार्थक संदेश देगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930